नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 212 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 7 जून 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर संसदीय सचिव राजवाडे ने किया पीडीएस दुकान का किया शुभारंभ..



लोकसभा प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही पहुंचे पत्थलगांव पेज -7 पर

# मुख्यमंत्री ने 213 करोड़ रूपये से अधिक के 527 विकास कार्यों की दी सौगात

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने एक दिवसीय प्रवास पर कोंडागांव जिले के ग्राम बेड़मा पहुंचे। उन्होंने इस दौरान 213 करोड़ रुपये से अधिक के 527 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर जिलेवासियों को बड़ी सौगात दी।

जिसमें 61करोड़ 83 लाख रूपये लागत के 445 विकास कार्यों का लोकार्पण और 151 करोड़ 93 लाख रूपये की लागत के 82 निर्माण कार्यों का भूमि पूजन शामिल है।



मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा 445 कार्यों का लोकार्पण किया गया। जिसमें 6 करोड़ 39 लाख रूपए की लागत से निर्मित देऊरबाल से तरईबेड़ा 13.85 किलोमीटर सड़क निर्माण, 5 करोड़ 71 लाख रूपए की लागत से निर्मित मोहलई से चेराकुर-गुमगा 6 किलोमीटर सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण, 04 करोड़ 46 लाख रूपए की लागत से निर्मित माकड़ी से ओटेंडा 6.78 किलोमीटर सड़क निर्माण, 02 करोड़ 82 लाख रूपए की लागत से कोरमेल से परोदा 5.20 किलोमीटर सड़क निर्माण, एक करोड़ 48 लाख रूपये की लागत से निर्मित बादालूर-कांगा तक 2.70 किलोमीटर सड़क, 25 लाख रूपये की लागत से केजंग-मड़ानार मार्ग पर निर्मित आरसीसी पुलिया, 37 लाख 64 हजार रूपये की लागत से निर्मित कुधुर कपाटभाठा में स्टॉपडैम, 48 लाख 33 हजार रूपये की लागत से कलेक्टोरेट परिसर में निर्मित एकीकृत जनसुविधा हेतु शौचालय एवं कैंटिन, जनपद पंचायत फरसगांव के अंतर्गत 8 करोड़ 8 लाख रुपये की लागत से निर्मित 113 विकास कार्य, जनपद पंचायत केशकाल अंतर्गत 3 करोड़ 96 लाख रुपये की लागत से निर्मित 61 विकास कार्य तथा जनपद पंचायत बड़ेराजपुर अंतर्गत एक करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से निर्मित 25 विकास कार्यों सहित जल जीवन मिशन के तहत 20 करोड़ 47 लाख रूपये की लागत से कोकोड़ी, बड़ेउसरी, पुसावण्ड, बाखरा, तातरी, मयुरडोंगर, फरसगांव, निलजी, उदेंगा, जरडीं, केरावाही, बालोण्ड, भाटगांव, देवहरदुली, शंकरपुर, सारबेड़ा, बाड़ागांव, बड़ेराजपुर,पाटला,छोटे अमरावती, पुसपाल, कोन्दाबेड़ा, तोतर एवं कोंगेरा में नल जल प्रदाय योजना, 25 लाख रुपये की लागत से डडसेना कलार समाज भवन निर्माण कोण्डागांव सहित 60 लाख रूपए की लागत से कोण्डागांव में नवनिर्मित लोहार समाज, भोजपुरी संगम समाज एवं बंगीय समाज हेतु सामाजिक भवन, 10 लाख रूपये की लागत से कलार समाज भवन फरसगांव में निर्मित आहाता, 10 लाख रूपये की लागत से केशकाल में निर्मित सतनामी समाज भवन, 61 लाख 96 हजार रूपये की लागत से कोनगुड़ में निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 15 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निर्मित हमर लैब, एक करोड़ एक लाख रूपये की लागत से जिले के 159 आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित 04 स्वास्थ्य केन्द्रों बड़ेकनेरा पीएचसी एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र बड़ेकनेरा सहित कमेला एवं करंजी और बड़ेओड़ागांव में सोलर होम लाइट स्थापना सहित सौर गर्म जल सयंत्र तथा सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापना का कार्य शामिल है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री बघेल ने 151 करोड़ 93 लाख रूपये की लागत से 82 निर्माण कार्यों का भूमि पूजन भी किया।

## एक नजर

1 करोड़ की फिरौती के लिए इंटीरियर डिजाइनर का अपहरण

### पूर्व किराएदार सहित दो आरोपी गिरफ्तार, पकड़े गए आरोपी



**रायपुर।** राजधानी के डीडी नगर थाना क्षेत्र में हुए सिद्धार्थ आशटकर के अपहरण मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। सिद्धार्थ का पूर्व परिचित अंकित मिश्रा ही इस पूरे घटनाक्रम का मास्टर माइंड है। आरोपी ने चार अन्य के साथ मिलकर इस पूरे अपहरणकांड की प्लानिंग तैयार की थी। मामले में अंकित मिश्रा और उसके एक साथी राज तोमर को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी अंकित मिश्रा पूर्व में सिद्धार्थ के घर में किराए पर रहता था।

छत्तीसगढ़ में भाजपाइयों की सियासी बारात

## मरकाम बनकर किया सड़क पर डांस, जुनेजा बनकर चखना सेंटर में बैठे

रायपुर। रायपुर की सड़क पर मंगलवार को गजब नजारा दिया। चखना सेंटर में विधायक कुलदीप जुनेजा बैठे दिखे। मोहन मरकाम हाथों में शराब की बोतल लिए डांस करते दिखे। असल में इन नेताओं का मुखौटा लगाकर ये डांस भाजपा युवा मोर्चा के नेता कर रहे थे।



युवा मोर्चा ने मंगलवार को कांग्रेसियों के खिलाफ एक बारात निकाली। ED जिस शराब घोटाला मामले की जांच कर रही है, उसके लिए कांग्रेस को जिम्मेदार बताकर ये दिलचस्प विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपा युवा मोर्चा के नेताओं ने इस कार्यक्रम को भ्रष्टाचार की बारात नाम दिया। जयस्तंभ चौक से शंकर नगर तक घोटालों की बारात निकाली। कांग्रेस ने इस पर तंज करते हुए कहा कि मोदी सरकार के भ्रष्टाचार की बारात कब निकलेगी।

भाजपा नेताओं ने कहा कि ऐसा कोई दिन नहीं है जब कांग्रेस के किसी न किसी भ्रष्टाचार का खुलासा न होता हो। जनता के पैसे को अपनी जेब में डाल कर कांग्रेसी एटीएम का काम कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी 2000 करोड़ के शराब घोटाले की टी शर्ट पहनकर विरोध प्रदर्शन करते दिखे। कांग्रेस नेताओं का मुखौटा लगाकर डांस करते दिखे।

### मोदी सरकार की बारात कब निकलेगी

*भाजयुमो की बारात पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता ने 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को बुरी तरह हराकर भ्रष्ट कमीशनखोर रमन भाजपा सरकार की बारात निकाल चुकी है अब 2024 में अराजक मोदी सरकार की बारात निकालेगी। प्रदेश की जनता रमन सिंह को भ्रष्टाचार की अंतरराष्ट्रीय पितामह के नाम से पुकारती हैं।भाजयुमो को हर साल भ्रष्टाचार के पितामह रमन सरकार के मुखिया डॉ रमन सिंह की बारात निकालनी चाहिये है।*

शराब घोटाले से जुड़े सबूत मिले

## जरूरी दस्तावेज लेकर गई टीम, ईडी ने देर रात दी थी ढेबर के ठिकानों पर दबिश

**रायपुर।** ED छत्तीसगढ़ के दो हजार करोड़ के शराब घोटाला मामले की जांच कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय जांच के सिलसिले में लगातार आरोपियों के ठिकानों की जांच कर रहा है। अब खबर है कि रायपुर के पेंशन बड़ा इलाके में देर रात ED के अधिकारी पहुंचे थे। इसी क्षेत्र में शराब घोटाला मामले में आरोपी बताए जा रहे कारोबारी अनवर ढेबर के परिजनों के मकान और रेसीडेंशियल बिल्डिंग है। इन जगहों पर अधिकारियों ने पहुंचकर जांच की।



खबर है कि पूरे इलाके में इस वजह से गहमागहमी का माहौल बना रहा। अलग-अलग गाड़ियों में पहुंचे ईडी के अधिकारियों ने सुबह होते होते यहां से कुछ दस्तावेज भी जब्त किए हैं और दो लग्जरी कारों को भी अपने साथ ले गए। हालांकि प्रवर्तन निदेशालय की ओर से इस पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

### कोल मामले में अभियोजन पत्र अदालत भेजा गया

ED की ओर से कहा गया है कि कोल लेवी मामले में अभियोजन पत्र विशेष अदालत में भेजा गया है। इसे अदालत ने संज्ञान में लिया है। पहले ही इस मामले में आईएएस अधिकारी और कुछ कोल कारोबारी जेल में बंद है।

### 13 को ढेबर की बेल पर सुनवाई

कारोबारी अनवर ढेबर, आबकारी विभाग के स्पेशल सेक्रेटरी रह चुके एपी त्रिपाठी, कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन और नितेश पुरोहित इस वक्त जेल में हैं। इन सभी की न्यायिक रिमांड 13 जून को खत्म हो रही है। 13 को ही इस केस में अनवर की जमानत पर सुनवाई होगी।

*डड़सेना-कलार समाज के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल मुख्यमंत्री*

## स्वास्थ्य, शिक्षा तथा रोजगार के क्षेत्र में हमने बड़ा काम किया है- मुख्यमंत्री

केशकाल। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केशकाल विकासखंड के ग्राम बेड़मा में आयोजित डड़सेना-कलार समाज के संभाग स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।



उन्होंने मां दंतेश्वरी, भगवान सहस्त्रबाहु, बहादुर कलारिन और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान डड़सेना-कलार समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को समर्थन मूल्य में 65 प्रकार की वनोपज खरीदी के लिए महुए के फूल से तौलकर आभार जताया। साथ ही सामाजिकजनों ने गजमाला पहनाकर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने डड़सेना-कलार समाज के लिए केशकाल में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 50 लाख रुपये देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा तथा रोजगार के क्षेत्र में हमने बड़ा काम किया है। देवगुड़ी, माता गुड़ी, पेन गुड़ी का निर्माण कर रहे हैं। साथ ही आदिवासी आस्था स्थलों का कायाकल्प भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी नृत्य महोत्सव का भी आयोजन कर रहे हैं। जिसमें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कलाकार पहुंचते हैं, जिससे हमारी एक अलग पहचान बनी है। इसके साथ ही हमारे लिए गर्व की बात है कि हाल ही में हमने रायगढ़ में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का सफल आयोजन किया। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां रामायण पर इतना भव्य आयोजन हुआ और देश ही नहीं विदेश के कलाकार भी इसमें शामिल हुए।

## ट्रॉयल लैंडिंग के बाद डीजीसीए ने अंबिकापुर एयरपोर्ट में निकाली 80 खामियां

अफसर अश्वस्त...इस डेट से पहले उड़ने लगेगा 72 सीटर विमान

**रायपुर।** अंबिकापुर के महामाया एयरपोर्ट पर ट्रॉयल लैंडिंग के बाद डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एवियेशन ने 80 खामियां निकाली है। एयरपोर्ट का लायसेंस मिलने के लिए इन खामियों को दूर करना होगा। हालांकि, ये खामियां मामूली हैं। अफसरों का दावा है कि जून अंत तक सब चीजें दुरूस्त करके डीजीसीए रिपोर्ट भेज दी जाएगी। अधिकारिक सूत्रों को उम्मीद है कि जुलाई के फर्स्ट वीक तक अंबिकापुर एयरपोर्ट को डीजीसीए से घरेलू उड़ान सेवा के लिए लायसेंस मिल जाएगा। इसके बाद कभी भी विमान सेवा प्रारंभ हो जाएगी। अफसरों ने बताया कि अंबिकापुर विमान सेवा शुरू होने के एकदम मुहाने पर है। अधिक-से-अधिक 15 अगस्त तक अंबिकापुर देश के घरेलू उड़ान सेवा से जुड़ जाएगा। हालांकि, लायसेंस की प्रक्रिया के साथ ही जिला प्रशासन ने विमान कंपनियों से बातचीत शुरू कर दी है। देश में उड़ान योजना के तहत ग्रामीण इलाकों को जोड़ने के लिए जो नए एयरपोर्ट बने हैं, उसमें लगभग सभी में 72 सीटर एलायंस एयर की विमान सेवा है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और जगदलपुर में भी एलायंस एयर की उड़ानें हैं। मगर अंबिकापुर में इंडिगो से भी बात की जा रही है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक बातचीत में इंडिगो रायपुर से अंबिकापुर होते हुए वाराणसी तक विमान सेवा मुहैया कराने के सहमत दिख रहा है। छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर हवाई सेवा से जुड़ा हुआ है।



रायपुर फ्लाइट सर्विसज से काफी पहले जुड़ चुका था। राज्य बनने से पहले रायपुर से नागपुर होते दिल्ली के लिए सुबह और शाम एक-एक जहाज थे। राज्य बनने के बाद बाद रायपुर में ट्रैफिक बढा और अब तीन दर्जन से अधिक विमान रोज रायपुर आते-जाते हैं।

कांकेर में नक्सलियों ने मचाया उत्पात

## दिनदाहड़े 5 गाड़ियों को किया आग के हवाले और भाग गए

मजदूरों से बोले-काम बंद करो

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से नक्सलियों ने उत्पात मचाया है। इस बार नक्सलियों ने कांकेर में 5 गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया है। इसके बाद मौके से भाग निकले हैं। घटना की पुष्टि एसपी दिव्यांग पटेल ने की है। मामला छोटे बेठिया थाना क्षेत्र का है। दरअसल कोकिंगुंडा और बंगबोरिया के बीच सड़क निर्माण का काम किया जा रहा है। इस वजह से कई मजदूर भी यहां पहुंचते हैं। इस बीच मंगलवार शाम को अचानक बड़ी संख्या में नक्सली यहां पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने मौके से मजदूरों को हटने के लिए कहा। फिर मौके पर मौजूद 3 ट्रेक्टर, 1 पोकलैंड, 1 लोडर में आग लगी दी। खबर है कि नक्सलियों ने मजदूरों को धमकी भी दी है कि वे इन कामों न आएं और काम बंद कर दें।



ऐसा कहा जा रहा है कि घटना को अंजाम देने के लिए 15 से 20 हथियारबंद नक्सली मौके पर पहुंचे थे। यह इलाका नारायणपुर के माड़ इलाके से सटा हुआ है, जो कि नक्सलियों का गढ़ माना जाता है। फिलहाल आस-पास के इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

**राजनीति...** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

# बसपा लगाएगी 90 सीटों पर बाजी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और भाजपा के अलावा जिस पार्टी का कैडर वोट है, वह बसपा (बहुजन समाज पार्टी) है. राज्य गठन से पहले से या कहें कि बसपा के गठन के बाद से ही अविभाजित मध्यप्रदेश में वर्तमान छत्तीसगढ़ के हिस्से में बसपा का प्रभाव रहा है. तब से लेकर हर चुनाव में एक-दो सीटें बसपा लाती रही है. 2018 के चुनाव में बसपा और जोगी कांग्रेस के गठबंधन ने छत्तीसगढ़ की राजनीति में बड़ी धमक पैदा की थी. इस बार बसपा अकेले 90 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है. इस संबंध में बैठक लेने के लिए 14 जून को छत्तीसगढ़ के प्रभारी राज्यसभा सांसद रामजी गौतम रायपुर आएंगे. इस दौरान कुछ सीटों के लिए प्रत्याशियों पर मुहर लग सकती है. वर्तमान में जैजैपुर के विधायक केशव चंद्रा और पामगढ़ की विधायक इंदु बंजारे की टिकट पक्की मानी जा रही है.

बहुजन समाज पार्टी का गठन 1984 में हुआ था. इसके बाद अविभाजित मध्यप्रदेश में 1985 में चुनाव हुए थे. हालांकि इस चुनाव में बसपा ने हिस्सा नहीं लिया था. इसके बाद 1990 में जो चुनाव हुए, उसमें बसपा ने अपना प्रत्याशी उतारा. इस चुनाव में बसपा दो सीटें जीती. इनमें देवतालाब में जयकरण साकेत और छत्तीसगढ़ के हिस्से की सीट पामगढ़ में दाऊराम रत्नाकर जीते थे. इसके बाद 1993 में भी दाऊराम की जीत हुई. छत्तीसगढ़ राज्य गठन से पहले जो चुनाव हुए थे, उसमें बसपा से तीन विधायक बने थे. इनमें सारंगढ़ से डॉ. छबिलाल रात्रे, सीपत से इंजीनियर रामेश्वर खरे और पामगढ़ से दाऊराम रत्नाकर थे. छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद 2003 में जब पहली बार चुनाव हुए तो पार्टी ने 54 प्रत्याशी उतारे. इनमें दो जीते और 46 की जमानत जब्त हो गई. जो दो विधायक जीते, उनमें सारंगढ़ से कामदा जोल्हे और मालखरौदा से लालसाय खूंटे थे. कामदा अब भाजपा में है।

**सिटिंग एमएलए के टिकट नहीं काटेगी बसपा, सर्व आदिवासी समाज से समझौता संभव**



### गठबंधन की पेशकश, फैसला करेगी मायावती

*सर्व आदिवासी समाज की ओर से गठबंधन की पेशकश है. हालांकि इस पर फैसला पार्टी सुप्रीमो मायावती करेंगी. फिलहाल चुनावी तैयारियों के संबंध में 14 जून को बैठक होगी. इसमें राज्यसभा सांसद व छत्तीसगढ़ प्रभारी रामजी गौतम आएंगे. इसी बैठक में कुछ सीटों के प्रत्याशी तय किए जाएंगे या पैनल तैयार कर लिया जाएगा. बसपा में सिटिंग एमएलए के टिकट नहीं काटे जाते, इसलिए केशव चंद्रा और इंदु बंजारे प्रत्याशी रहेंगे. बैठक के बाद तय किया जाएगा किन नेताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती से मिलाना है।*

## पहुंचविहीन ग्रामों के लिए डॉक्टर तुमचो दुआर कार्यक्रम का मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

एक कॉल पर डॉक्टर पहुंचेंगे मरीजों के घर टेली कॉन्फ्रेसिंग द्वारा मरीजों से परामर्श कर किया जायेगा ईलाज

**कोंडागांव।** केशकाल विकासखण्ड के ग्राम बेड़मा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने हरी झंडी दिखाकर जिला प्रशासन की नवीन पहल %डॉक्टर तुमचो दुआर% का शुभारंभ किया। इस पायलेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिले के बड़ेराजपुर एवं फरसगांव विकासखण्डों के पहुंचविहीन ग्रामों में चिकित्सा सुविधाएँ टेलीमेडिसिन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए एक कॉल सेंटर की स्थापना और कॉल सेंटर में 24 घण्टे कर्मचारियों की ड्युटी लगायी जायेगी। कॉल सेंटर से कॉल प्राप्त करते ही डॉक्टर, एएनएम एवं अन्य कर्मचारियों के बने दल को सूचित किया जायेगा। डॉक्टर द्वारा बीमार व्यक्ति एवं उनके परिजनों से चर्चा कर टेली कॉन्फ्रेसिंग से परामर्श दिया जायेगा एवं गंभीर रोगी जिन्हे तुरंत इलाज की आवश्यकता होगी उनके लिए वाहन के साथ डॉक्टर एवं उनका दल घर पहुंच कर रोगी का इलाज करेंगे। आवश्यक होने पर उन्हे अस्पताल लाकर उपचार भी किया जायेगा। जिले में दूरस्थ इलाकों में उपचार हेतु हाट बाजार क्लिनिक योजना पहले ही सफलता पूर्वक संचालित की जा रही है। ऐसे में डॉक्टर तुमचो दुआर द्वारा जिले के पहुंच विहीन ग्रामों में भी सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा टेली मेडिसिन के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।



इस योजना के सफल होने पर अन्य विकासखण्डों में भी योजना का प्रसार किया जायेगा।

# राजनीतिः बंटा हुआ विपक्ष और आप, कैसे आगे बढ़ेगी केजरीवाल की मुहिम

*आ म आदमी पार्टी (आप) के मुखिया अरविंद केजरीवाल 26 क्षेत्रीय दलों को जोड़ने की कवायद में लगे हैं। छह दिनों में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के साथ छह राज्यों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शरद पवार, एम के स्टालिन, ममता बनर्जी, हेमंत सोरेन और के चंद्रशेखर राव के साथ मुलाकात की और 2024 के सेमी फाइनल के रूप में देखे जा रहे दिल्ली अध्यादेश (दिल्ली सरकार बनाम उपराज्यपाल) को राज्यसभा में रोकने को लेकर चर्चा की। जब संसद का मानसून सत्र जुलाई, 2023 के मध्य में नए भवन में शुरू होगा, तब तक सेमी फाइनल सिंड्रोम का उत्साह खत्म हो गया होगा, फिर भी आप दिल्ली अध्यादेश के मुद्दे को उठाए हुए है।*

कांग्रेस के कुछ नेताओं ने मजाक में टिप्पणी करते हुए कहा कि पंजाब और दिल्ली के मुख्यमंत्री डबल इंजन हैं और वे दोनों पंजाब के एक ही विमान में यात्रा करते हैं। लेकिन उन्होंने दिल्ली के मेयर को क्यों मझधार में छोड़ दिया इन्हें चाहिए था कि दिल्ली के मेयर को भी भारत जोड़ो दर्शन के लिए विमान से क्षेत्रीय दलों के नेताओं से मिलाते। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार बनाम एलजी मामले में आदेश पारित किया था, जिसमें उसने दिल्ली सरकार को कानून बनाने और अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार दिया था। सर्वसम्मत फैसले में शीर्ष अदालत की पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 11 मई को कहा था कि सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस और भूमि जैसे विषयों को छोड़कर दिल्ली सरकार के पास राष्ट्रीय राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण होगा। लेकिन केंद्र सरकार ने इसके उलट अध्यादेश जारी कर दिया। ऐसे में केजरीवाल अधिकारियों को व्यवस्थित करने के लिए अपने सरकारी अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। हालांकि अरविंद केजरीवाल अपने 60 करोड़ के शानदार घर के बारे में एक निजी टीवी चैनल के सवाल पर चुप हो गए। अध्यादेश के खिलाफ इस लड़ाई में मूल मुद्दा उसी शीशमहल से बनी नकारात्मक छवि को दूर करना है। यही नहीं, इस मुद्दे पर पंजाब में एक महिला पत्रकार को गिरफ्तार भी किया गया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने तमिलनाडु के समकक्ष एमके स्टालिन से मुलाकात की और केंद्र सरकार के विवादास्पद अध्यादेश के खिलाफ अपने अभियान में समर्थन मांगा, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण पाना है। लेकिन द्रमुक ने आप को इल्लै (तमिल में इल्लै का अर्थ नहीं



**लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार के एक अध्यादेश के बहाने विपक्ष को एकजुट करने की अरविंद केजरीवाल की मुहिम को तमिलनाडु में झटका लगा है, जहां द्रमुक आप के साथ खड़ी नहीं दिखी। कांग्रेस का रुख पहले ही इस पर साफ नहीं है। जाहिर है कि विपक्ष के बंटे होने के कारण केजरीवाल की मुहिम आगे नहीं बढ़ पा रही।**

होता है) का संकेत दिया है। इसकी वजह साफ है कि द्रमुक की आप के साथ कोई प्रतिबद्धता नहीं है। कांग्रेस को अभी अपने यूपीए सहयोगियों से इस पर बात करनी है और यह भी विश्लेषण करना है कि द्रमुक को राज्यसभा में आप का समर्थन क्यों करना चाहिए। क्या यह तमिलनाडु की राजनीति में एक तमाशा नहीं बनाएगा? कांग्रेस पार्टी ने अभी तक राज्यसभा में दिल्ली अध्यादेश पर अपने रुख की पुष्टि नहीं की है। आप के शीर्ष नेताओं के अनुसार, पार्टी दो तरह की बातें करेगी। कांग्रेस राज्यसभा में इसका विरोध करेगी, लेकिन सुविधाजनक तरीके से बहिर्गमन करेगी या तटस्थ रहेगी। अनिर्णय की ऐसी स्थिति आखिरकार भाजपा को ही फायदा पहुंचाएगी और अध्यादेश पारित हो जाएगा। असल में, दिल्ली में अजय माकन और पंजाब में प्रताप सिंह बाजवा द्वारा संभावित विद्रोह को रोकने के लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को उन्हें साथ लेकर चलना ही होगा। भगवंत मान की उपस्थिति में स्टालिन के साथ बैठक के बाद केजरीवाल ने कहा, यदि निर्वाचित सरकार का अफसरों पर नियंत्रण नहीं है, तो निर्वाचित सरकार होने का कोई मतलब नहीं है। इतिहास में पहली बार, उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को रद्द किया है। यह असांविधानिक और अलोकतांत्रिक है। केजरीवाल ने बताया कि %यह अध्यादेश मानसून सत्र में आएगा। राज्यसभा में उनके समर्थन में 93 सीटें हैं, अगर सभी गैर-भाजपा दल साथ आते हैं, तो हम उन्हें परास्त कर पाएंगे।

मैं एमके स्टालिन के समर्थन के लिए आभारी हूं। हर गुजरते दिन के साथ मैं अधिक आत्मविश्वास महसूस कर रहा हूं और यह 2024 का सेमी फाइनल है। केजरीवाल का उद्देश्य विपक्षी दलों को अध्यादेश के खिलाफ एकजुट करना और संसद के उच्च सदन में उसे रोकना है, जहां विपक्ष के पास भाजपा और उसके सहयोगियों की तुलना में अधिक सीटें हैं। इसी क्रम में केजरीवाल ने बीते शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की। केजरीवाल जब ममता बनर्जी, शरद पवार और हेमंत सोरेन जैसे नेताओं से मिले, तो उन्हें अध्यादेश के खिलाफ राज्यसभा में मतदान करने के लिए भारी समर्थन मिला। पर केजरीवाल ने महसूस किया है कि कांग्रेस के मजबूत समर्थन के बिना कांग्रेस से निकले ये क्षेत्रीय संगठन खरगे के इशारे पर चलेंगे और आप के दावे को झुठला देंगे। इससे अरविंद केजरीवाल द्वारा इसे 2024 का सेमी फाइनल बताने जैसे बयानों को झटका लगेगा। वास्तव में कांग्रेस का असली रंग अब सामने आ गया है, जिसे आप नेता भी महसूस कर रहे हैं। दक्षिण भारत की सियासत की चर्चा तेलुगू देशम पार्टी का जिक्र किए बिना पूरी नहीं हो सकती है। आंध्र प्रदेश में पुनर्गठबंधन की राजनीतिक चर्चाओं के बीच तेलुगू देशम पार्टी के नेता चंद्रबाबू नायडू ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह से मुलाकात की।

– राजगोपालन

## संपादकीय

### सरकार की यह कैसी नैतिकता?

पहलवान यौन उत्पीड़न का मामला सियासत का नहीं है। यह एक के जघन्य अपराध का मामला है। इस तरह इस मामले में जिन पर भी आंच आई है, उनकी नैतिक साख का क्षरण लाजिमी है।

यह बात बेहिचक कही जा सकती है कि नरेंद्र मोदी के बतौर प्रधानमंत्री नौ साल के कार्यकाल में उनकी सरकार की नैतिक साख का जितना क्षरण पहलवान यौन उत्पीड़न मामले में हुआ है, उतना पहले कभी नहीं हुआ। इस दौरान राफेल और अडानी जैसे मामलों में सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे। चीन से विवाद के क्रम में सरकार की नाकामियां खूब चर्चित हुईं। नोटबंदी और अचानक लॉकडाउन जैसे मनमानी फैसलों की अब तक आलोचना होती है। अर्थव्यवस्था और आम जन की आर्थिक हालत में लगातार गिरावट को सरकार की नीतियों का ही नतीजा बताया जाता है। लेकिन इन सभी मामलों में सत्ता पक्ष और उसके समर्थकों के पास बचाव के कुछ तर्क होते थे। राफेल जैसे मामलों में अपर्याप्त साक्ष्य को कवच बनाया गया। लेकिन महिला पहलवानों (जिनमें एक नाबागिक भी है) की एफआईआर में दर्ज जो विवरण सार्वजनिक हुआ है, उसके बाद इस मामले में सरकार के रुख का बचाव क्या कोई सभ्य और विवेकपूर्ण तर्क हो सकता है? असल में इस ब्योरे से तो आंच सीधे प्रधानमंत्री तक पहुंची है, क्योंकि एफआईआर में विनेश फोगाट ने दर्ज कराया है कि पिछले साल ही उन्होंने व्यक्तिगत रूप से प्रधानमंत्री को यौन उत्पीड़न की घटनाओं की विस्तृत जानकारी दी थी। इस रूप में प्रधानमंत्री इस प्रकरण में एक द्वितीयक साक्षी बन जाते हैं। इस रूप में देश की आपराधिक न्याय व्यवस्था कसौटी पर आ गई है।

# संकट में इमरान का सियासी भविष्य, पीटीआई को खत्म करने की चल रही साजिश

*पाकिस्तान की सत्ताधारी गठबंधन सरकार, पाकिस्तान तहरीके-ए-इंसाफ पार्टी को अविश्वास प्रस्ताव के जरिये बेदखल करके अप्रैल, 2022 में सत्ता में आई थी। अवाम को उम्मीद थी कि यह सरकार उनकी मुश्किलों को दूर करेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हालात बद से बदतर हो गए हैं। राजनीतिक अस्थिरता, भारी कर्ज का बोझ, आसमान छूती महंगाई को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान गठबंधन सरकार व सेना पर बराबर निशाना साध रहे हैं।*

सरकार भी इमरान और उनकी पार्टी पर आरोप लगाने में जुटी हुई है। उधर सेना भी इमरान खान से सख्त नाराज है। इसकी मुख्य वजह है कि इमरान ने अपने मनपसंद आईएसआई प्रमुख फैज हमीद को अगला सेना प्रमुख नियुक्त करने की कोशिश की थी। हाल ही में इमरान खान को अल कादिर ट्रस्ट मामले में गिरफ्तार किया गया, जो एक रीयल एस्टेट कारोबारी के साथ हुए समझौते से जुड़ा है और जिससे कथित तौर पर सरकारी खजाने को 19 करोड़ पौंड का नुकसान हुआ है। इमरान खान के समर्थकों ने अगले दिन नौ मई को भारी प्रदर्शन किया व सैनिक प्रतिष्ठानों व सरकारी ठिकानों पर हमला किया। सरकार ने सैकड़ों आक्रामक उपद्रवियों को गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया। हिंसा में कुछ लोग मारे भी गए। सेना ने इसके खिलाफ सैनिक अदालत में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई भी शुरू कर दी है। सैनिक कानून के



**सरकारी दमन के भय से इमरान की पार्टी के करीब सौ नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है और खबर है कि पीटीआई को खत्म करने की साजिश चल रही है।**

अनुसार, बगावत के मामले में फांसी भी दी जा सकती है। जबकि इमरान का मानना है कि गिरफ्तार किए गए लोग उनकी पार्टी के नहीं थे, बल्कि बाहर से आए थे। यह बात आसानी से गले नहीं उतरती। इमरान खान के घर में आतंकवादी छिपे होने के शक में छापे भी मारे गए, लेकिन वहां कोई आतंकवादी नहीं पाया गया। हालत यह हो गई है कि सरकारी दमन के भय से पाकिस्तान तहरीके-ए-इंसाफ (पीटीआई) के लगभग 100 कार्यकर्ता व नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है, कई ने तो राजनीति से भी संन्यास ले लिया है। इनमें बहुतों का मानना है कि सेना के कारण ही पाक का वजूद है। इसलिए सेना के ठिकानों पर हमले नहीं होने चाहिए थे। देश की बदनामी हुई है। देश को अरबों रुपये का नुकसान हुआ है। पीटीआई लगभग बिखर गई है। इमरान खान का यह भी आरोप है कि गठबंधन सरकार के दबाव में ही उनकी पार्टी के नेताओं ने इस्तीफे दिए हैं। सरकार इससे इन्कार करती है। खबर यह भी है कि गठबंधन सरकार ने सेना की मदद से पीटीआई को पूरी तरह खत्म करने की योजना बनाई है। इमरान को अब अपनी गिरफ्तारी का डर सता रहा है। उनके खिलाफ अदालतों में 100 से ज्यादा मामले चल रहे हैं, जिनमें देशद्रोह का मामला भी है। अगर यह मामला साबित हो गया, तो उन्हें भी सजा देकर जेल में डाल दिया जाएगा। पाकिस्तान का राजनीतिक संकट दिन-ब-दिन गहरा होता जा रहा है। कायदे से वहां सत्ता बदलने के बाद संविधान के अनुसार, 90 दिन में चुनाव होने चाहिए थे। लेकिन अभी तक चुनाव की कोई तारीख तय नहीं हुई। पाकिस्तान पर दूसरे देशों व अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं का 30 अरब डॉलर का कर्ज है। अगले साल 2024 में वित्तीय खर्चों के लिए 40 अरब डॉलर की जरूरत होगी। पाकिस्तान में रुपया 301 डॉलर के पार हो गया है। पाकिस्तान के मौजूदा हालात को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्था उसे कर्ज नहीं देना चाहती है। वहां की जनता महंगाई से बेहाल है, उन्हें दो जून की रोटी भी मुश्किल से नसीब होती है। घी, तेल, आटा, सब्जियां, पेट्रोल की कीमत आसमान छू रही हैं। बेरोजगारी बेकाबू हो गई है। भ्रष्टाचार सारी हदें तोड़ चुका है। लूटमार इतनी आम हो चुकी है कि कोई गली, बाजार सुरक्षित नहीं है। जहां तक सरकार का सवाल है, वह इस संकट का कोई ठोस हल तलाश करने के बजाय कर्ज हासिल करने का एक आसान रास्ता अपनाए हुए है। पाकिस्तान की समस्याएं गंभीर हैं। संकट से बाहर निकलने के लिए राजनीतिक वार्ता के सिवा कुछ नजर नहीं आता है। पाकिस्तान के प्रसिद्ध इतिहासकार डा. इश्तिहाक अहमद ने पाक की मौजूदा स्थिति पर कहा है कि अगर उसको अपना अस्तित्व बचाना है, तो उसे भारत के साथ व्यापार की शुरुआत व शांति स्थापना के लिए काम करना होगा।

कुलदीप तलवार

## मिला जुला


### नाबालिग महिला पहलवान ने बृजभूषण के खिलाफ आरोपों को लिया वापस

**मैजिस्ट्रेट के सामने दूसरी बार दर्ज कराया बयान**

**नई दिल्ली.** यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के चीफ और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे प्रमुख पहलवान अब ड्यूटी पर वापस लौट चुके हैं। और अब ऐसी खबर आ रही है कि सिंह के खिलाफ बयान दर्ज कराने वाली इकलौती नाबालिग महिला पहलवान ने अपने आरोप वापस ले लिए हैं। इंडियन एक्सप्रेस की एक न्यूज रिपोर्ट के मुताबिक, बृजभूषण सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाली 7 महिला पहलवानों में से इकलौती नाबालिग ने अब नया मैजिस्ट्रेट के सामने नया बयान दिया है जिसमें पहले लगाए गए आरोपों को वापस ले लिया है। इंडियन एक्सप्रेस की न्यूज रिपोर्ट के मुताबिक, नाबालिग महिला पहलवान ने बृजभूषण सिंह के खिलाफ 2 बार बयान दर्ज कराने के बाद अब आरोपों को वापस ले लिया है। नाबालिग ने एक बयान पुलिस तो दूसरा बयान मैजिस्ट्रेट के खिलाफ दर्ज कराया था।

# एक और चक्रवाती तूफान के आसार, मॉनसून पर हो सकता है असर

**नई दिल्ली.** देश के तटीय इलाकों पर एक और चक्रवात का खतरा मंडरा रहा है। मौसम विभाग (आईएमडी) मंगलवार को कहा कि गुजरात में दक्षिणी पोरबंदर में दक्षिणपूर्व अरब सागर पर निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है। यह धीरे-धीरे उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ सकता है और चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकता है। मौसम विभाग ने एक बुलेटिन में कहा कि निम्न दबाव का क्षेत्र सुबह साढ़े पांच बजे पश्चिम-दक्षिणपश्चिम गोवा से करीब 920 किलोमीटर, दक्षिण-दक्षिणपश्चिम मुंबई से 1,120 किमी, दक्षिण पोरबंदर से 1,160 किमी और पाकिस्तान में दक्षिण कराची से 1,520 किलोमीटर पर बना हुआ था।



#### केरल में मानसून आठ या नौ जून को दे सकता है दस्तक

मौसम का पूर्वानुमान बताने वाली प्राइवेट एजेंसी 'स्काइमेट वेदर' ने बताया कि केरल में मानसून आठ या नौ जून को दस्तक दे सकता है लेकिन हल्की बारिश की ही संभावना है। उसने कहा, 'अरब सागर में मौसम की ये शक्तिशाली प्रणालियां अंदरुनी क्षेत्रों में मानसून के आगमन को प्रभावित करती हैं। इसके प्रभाव में मानसून तटीय हिस्सों में पहुंच सकता है लेकिन पश्चिम घाटों से आगे जाने में उसे संघर्ष करना पड़ेगा।' दक्षिण-पश्चिम मॉनसून आम तौर पर एक जून को लगभग सात दिनों के मानक विचलन के साथ केरल में प्रवेश करता है। मई के मध्य में, आईएमडी ने कहा था कि मॉनसून चार जून तक केरल में आ सकता है।

#### अगले दो दिनों में तेजी आने के आसार

मौसम विभाग के बुलेटिन में कहा गया है, 'दबाव के क्षेत्र के अगले 24 घंटे के दौरान उत्तर की ओर बढ़ने तथा पूर्व-मध्य अरब सागर और उससे सटे दक्षिणपूर्व अरब सागर पर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है।'

#### मॉनसून में सामान्य बारिश की उम्मीद

दक्षिण-पूर्वी मॉनसून पिछले साल 29 मई, 2021 में तीन जून, 2020 में एक जून, 2019 में आठ जून और 2018 में 29 मई को पहुंचा था। आईएमडी ने पूर्व में कहा था कि अल नीनो की स्थिति विकसित होने के बावजूद दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के मौसम में भारत में सामान्य बारिश होने की उम्मीद है। वैज्ञानिकों का कहना है कि केरल में मानसून में थोड़ी देर होने का मतलब यह नहीं होता कि मानसून देश के अन्य हिस्सों में भी देरी से पहुंचेगा। इससे मानसून के दौरान देशभर में कुल वर्षा पर भी असर नहीं पड़ता। आईएमडी ने पहले कहा था कि भारत में अल-नीनो की बदलती परिस्थितियों के बावजूद दक्षिणपश्चिम मानसून के दौरान सामान्य बारिश होने की उम्मीद है।

**शुभेंदु अधिकारी बोले-**

# हादसा ओडिशा में हुआ तो सीबीआई जांच से ममता बनर्जी क्यों घबरा रहीं?

**ओडिशा** के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे में 275 लोगों की मौत हुई है। जबकि, 1100 लोग घायल हो गए। इसी ट्रेन हादसे को लेकर पश्चिम बंगाल भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि हादसा दूसरे राज्य में हुआ, तो ममता बनर्जी सीबीआई जांच से क्यों डर रही हैं? एक रेलवे अधिकारी की मानें तो अब तक करीब 101 लाशें ऐसी हैं, जिनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।



#### शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी पर लगाए आरोप

पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने घटना को लेकर ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि घटना टीएमसी की साजिश है। सीबीआई जांच से ममता बनर्जी डर क्यों रही हैं? हादसा दूसरे राज्य में हुआ है तो ममता बनर्जी जांच से घबरा क्यों रहीं हैं? उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि टीएमसी ने पुलिस की मदद से दो रेलवे अधिकारियों के फोन टैप कर लिए। उन्हें दोनों अधिकारियों की बातचीत के बारे में जानकारी कैसे लगी? बातचीत कैसे लीक हुई, यह भी जांच का विषय है। सीबीआई जांच के दौरान इसकी भी जांच होनी चाहिए, नहीं तो मैं कोर्ट जाऊंगा।

#### 900 लोगों को किया डिस्चार्ज

पूर्वी-मध्य रेलवे के डिविजनल रेलवे मैनेजर रिंकेश रॉय ने बताया कि बालासोर हादसे में करीब 1100 लोग घायल हुए थे। इनमें से 900 लोगों को इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। लेकिन अब भी करीब 200 लोग ओडिशा के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं, जहां उनका इलाज जारी है। रॉय का कहना है कि 275 मृतकों में अब भी 101 लाशें ऐसी हैं, जिनकी अबतक पहचान नहीं हो सकी है। भुवनेश्वर नगर निगम के कमिश्नर विजय अमृत कुलांगे ने बताया कि भुवनेश्वर में 193 शव रखे गए थे। इनमें से 80 शवों की पहचान हो चुकी है। 55 शवों को हमने उनके परिजनों को सौंप दिया है। निगम द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1929 पर 200 से अधिक कॉल आए हैं।

# ओडिशा रेल हादसे की सीबीआई जांच को कांग्रेस ने बताया हेडलाइन मैनेजमेंट



**ओडिशा** से बालासोर में हुए रेल हादसे की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है. इस हादसे को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं, जिसके बाद अब जांच रिपोर्ट का इंतजार है. सीबीआई की टीम ने घटनास्थल का मुआयना भी किया है. जिसे लेकर अब विपक्ष ने केंद्र सरकार पर तंज कसा है. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सीबीआई जांच के आदेश जारी करने को लेकर सवाल उठाए हैं और कहा है कि ये और कुछ नहीं बल्कि मोदी सरकार का हेडलाइन मैनेजमेंट है. इसे लेकर उन्होंने पूरी क्रोनोलॉजी भी समझाई है. इसके साथ कांग्रेस नेता ने 2016 में कानपुर के नजदीक हुए एक रेल हादसे का भी जिक्र किया और बताया कि उसकी एनआईए जांच के आदेश दिए गए थे, लेकिन अब तक कुछ भी नहीं पता लग पाया है. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्विटर पर सरकार को घेरते हुए लिखा, रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने अभी बालासोर ट्रेन दुर्घटना पर अपनी रिपोर्ट भी नहीं दी है, उससे पहले ही CBI जांच की घोषणा कर दी गई. यह कुछ और नहीं बल्कि हेडलाइन मैनेजमेंट है, क्योंकि सरकार डेडलाइन पूरा करने में पूरी तरह से विफल है.'

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**बेरोजगारी भत्ता के हितग्राहियों को रोजगार प्राप्त करने में करें सहायता – कलेक्टर**

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होनें जिले में रोजगार की संभावनाओं की जानकारी एकत्र करके योजनावद्ध तरीके से बेरोजगारी भत्ता के हितग्राहियों को रोजगार प्राप्त में सहायता करने के लिए रोजगार मूलक कौशल प्रशिक्षण देने की बात कही। इसके साथ ही कलेक्टर ने मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात के दौरान की गई घोषणाओं एवं निर्देशों



के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने पी.एम पोर्टल मे माध्यम से विभिन्न विभागों को प्राप्त लंबित शिकायतों का समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री लंगेह ने बैठक में बेरोजगारी भत्ता के हितग्राहियों को रोजगार प्राप्त में सहायता करने के लिए रोजगार मूलक कौशल प्रशिक्षण देने की बात कही। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से उद्योग, शॉपिंग मॉल, होटल अन्य संस्थाओं में रोजगार की उपलब्धता का आकलन, सेवा के क्षेत्र में रोजगार तथा कृषि के क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बेरोजगारी भत्ता के हितग्राहियों को रोजगार से जोड़ने हेतु आवश्यक कार्य योजना तैयार करने को कहा। गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री लंगेह ने गौठानों में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट खाद का उठाव बढाने तथा समय पर खाद कर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश सहकारिता विभाग के अधिकारी को दिए। उन्होंने गोबर खरीदी में प्रगति लाने तथा सक्रिय गौठानो में नियमित गोबर खरीदी करने तथा लंबित भूगतान का जानकारी लेते हुए उन्होनें उद्यान, कृषि, वन, रेशम विभाग के अधिकारियों को लंबित भुगतान की राशि शीघ्र भुगतान करने तथा आगामी वर्ष हेतु मांग पत्र भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने गोमूत्र से तैयार की जाने वाली कीटनाशक दवाई से होने वाले फायदे की जानकारी कृषकों देने तथा इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

# 6 महीनों से कर्मचारियों को नही मिला वेतन

## जिम्मेंदार नही दे रहे ध्यान, नगरीय निकाय कर्मचारियों में जमकर नाराजगी

जोहार छत्तीसगढ़ – एमसीबी।

एमसीबी जिले के नगर पंचायत झगराखण्ड में कार्यरत कर्मचारियों को लगभग 6 माह से वेतन नही मिलने की वजह से उन्हें आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है। अब तो आलम यह है की दुकानदारों ने भी राशन देने से मना कर दिया है जिसके कारण अब उनका पूरा परिवार भूखे मरने की कगार पर आ गया है।

वेतन दिलाये जाने की मांग को लेकर कर्मचारियों के द्वारा कलेक्टर के साथ साथ नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिव डहरिया को पत्राचार कर अपनी परेशानियों से अवगत करकर वेतन दिलाने की मांग की है।

आपको बता दें की झगराखाण्ड, मनेंद्रगढ़ सहित जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रो में कार्यरत कर्मचारियों को इन दिनों आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। कर्मचारियों को लगभग 6 माह से वेतन नही मिल पाने की वजह से अब परिवार का पालन पोषण करने में भी समस्या हो रही है लेकिन इनकी सुनने वाला कोई नहीं है। अपना वेतन दिलाने की मांग को लेकर नगरीय निकाय में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया से लेकर जिले के




कलेक्टर तक लिखित शिकायत करते हुए वेतन दिलाने की गुहार लगाई गई है। कर्मचारियों का कहना है कि लगभग 6 माह से उनका पेमेंट नहीं मिला है जिसकी वजह से अब आर्थिक संकट से कर्मचारी जूझ रहे हैं और अब बच्चों की पढ़ाई से लेकर परिवार के पालन पोषण के साथ राशन लाने तक मे समस्या हो रही लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नही है। लिखित शिकायती पत्र में कर्मचारियों के द्वारा यह भी कहा गया है कि सम्बंधित जिम्मेदार यदि हमारा वेतन नही दिला पाते है तो कर्मचारियों के द्वारा सामूहिक रूप से काम बंद कर कलेक्टर कार्यालय के सामने धरने पर बैठकर अपने वेतन दिलाने की मांग की जाएगी।

नगर पंचायत में कार्यरत सहायक राजस्व निरीक्षक संजय पांडे ने कहा की वेतन नही मिलने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राशन के लिये दुकानदारों से मिन्नतें करनी पड़ रही है वहीं बच्चों की परवरिश और शिक्षा में भी कठिनाई हो रही है।

झगराखण्ड में ही पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक जगबीर मिंज ने अपनी परेशानियों के बारे में बताया की 6 महीनों से वेतन नही मिलने के कारण परिवारों का पालन पोषण करने के कई तरह की परेशानी हो रही है। बच्चों के स्कूल खुलने वाले है ऐसे में बिना पैसों के उनकी पढ़ाई पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

इस संबंध में जब झगराखाण्ड के सीएमओ से सम्बंधित विषय पर जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो वे कार्यालय में नही मिले साथ ही फोन करने पर उनके द्वारा फोन रिसीव नही किया गया।

अब देखना यह होगा की 6 महीनों से वेतन नही मिलने का दंश झेल रहे सैकड़ों कर्मचारियों को कब तक राहत मिल पाती है और कब उनकी समस्याओं का अंत होगा।

# घनघोर जंगलों के बीच में मिली सरस्वती की लाश

## कुसमी पुलिस जुटी छानबीन में, गांव में पसरा सन्नता

जोहार छत्तीसगढ़ – कुसमी।

कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत अमरपुर के भूलसी खुर्द थान पारा के बीच मे एक युवती को पत्थरों से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुसमी विकासखंड के ग्राम पंचायत अमरपुर के धुंका टोंगरी नामक जगह में मृतिका सरस्वती उम्र 20 वर्ष जो अपने मामा के यहां रहती थी, उसका शव मिला है। आपको बता दे सुबह के समय अपने निजी काम से रामचंद्र राम जो कि ग्राम पंचायत का पंच भी हैं, ओ किसी काम से बाहर जा रहे थे, की अचानक उनकी नजर एक अज्ञात शव पर पड़ी, जिसकी सूचना फोन के माध्यम से रोजगार सहायक कृष्णा राम को दी, तत्पश्चात कृष्णा



राम ने यह बात सभी ग्राम वासियों को तथा सरपंच, सचिव,कोटवार को दी, ग्राम वासियों ने इसकी सूचना कुसमी थाना को तत्काल दी। जानकारी प्राप्त प्राप्त होते ही थाना प्रभारी सुनील केरकेटा अपने स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर, गांव वालो से अज्ञात शव के बारे में पूछताछ की, पूछताछ से पता चला कि मृतिका का नाम सरस्वती है, जो कि भुलसी तेतर टोली मैं अपने मामा के यहां रहती थी, जीसकी शिनाख्त करने को सुनील केरकेट्टा के द्वारा सरस्वती के परिजनों को बुलाया गया, परिजनों ने आकर बताया कि यह हमारी बेटी है, जो पिछले 2 दिनों से लापता थी ,परिजनों का संदेह है, सरस्वती के साथ दुष्कर्म कर इसे जान से मार दिया गया है। वही इस मामले को प्रेम प्रसंग जोड़कर देखा जा रहा है, पुलिस इन सभी बिन्दु पर बारिकी से जांच कर रही है। कुसमी पुलिस द्वारा जल्द इस मामले का खुलासा करने का दावा किया जा रहा है।

# कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने पीसीपीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक ली

जोहार छत्तीसगढ़– सारंगढ़।

कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पीसीपीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की प्रथम बैठक ली। बैठक में समिति के सदस्यों को पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 के संबंध में सामान्य जानकारी और नोडल अधिकारी द्वारा राज्य स्तर पर एवं जिला स्तर पर पुरुष एवं महिला लिंगानुपात के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही इस एक्ट के तहत प्राप्त आवेदनों के निरीक्षणए नवीनीकरण एवं पंजीयन के संबंध में चर्चा की गई। पीसीपीएनडीटी एक्ट यानि गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान.तकनीक लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम, 1994 ऐसा एक अधिनियम है जो कन्या भ्रुण हत्या और भारत में गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिये लागू किया गया था। इस अधिनियम ने प्रसव पूर्व लिंग



निर्धारण पर प्रतिबंध लगा दिया है। अधिनियम को लागू करने का मुख्य उद्देश्य गर्भाधान के बाद भ्रुण के लिंग निर्धारण करने वाली तकनीकों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाना और लिंग आधारित गर्भपात के लिये प्रसव पूर्व निदान तकनीक के दुरुपयोग को रोकना है।

इस अधिनियम के अंतर्गत कोई भी प्रयोगशाला या केंद्र या क्लिनिक भ्रुण के लिंग का निर्धारण करने के उद्देश्य से अल्ट्रासोनोग्राफ ी सहित कोई परीक्षण नहीं करेगा। गर्भवती महिला या उसके रिश्तेदारों को शब्दोंए संकेतों या किसी अन्य विधि से भ्रुण का लिंग नहीं बताया जा सकता। कोई भी व्यक्ति जो प्रसव पूर्व गर्भाधान लिंग निर्धारण सुविधाओं के लिये नोटिस, परिपत्र, लेबल, रैपर या किसी भी दस्तावेज के रूप में विज्ञापन देता है या इलेक्ट्रॉनिक या प्रिंट रूप में आंतरिक या अन्य मीडिया के माध्यम से विज्ञापन करता है या ऐसे किसी भी कार्य में संलग्न होता है तो उसे तीन साल तक की कैद और 10 हजार रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। बैठक में डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी, सीएमएचओ डॉ एफआर निराला सहित जिला सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# ट्रक मालिकों को लोकल में रखने के संबंध में हिण्डाल्को, जीएनसी, बीकेबी के नाम अनुविभागीय सहित अन्य विभागों को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़ – कुसमी।

विगत कुछ दिनों से कुसमी की गाडीयों को लोकल में सामील न कर बाहरी गाडी के लाइन में रखा गया है। जिससे कुसमी के सभी ट्रक मालिकों में रोश है। की जब कुसमी सामरी में माईनस का संचालन हो रहा है।

जिसमें कुसमी ब्लाक के सभी



गाडीयों का लोकल में लेना चाहिए था, तो उसे बाहर क्यों रखा गया है। जो नियम शर्तें सामरी की गडीयों के लिए है, वही कुसमी के गाडीयों का भी होना चाहिए। कुसमी के सभी मोटर मालीक गाडी बाक्साईड में लगाकर आपना रोजगार कर रहा है। जिसे आपके द्वारा बेरोजगार किया जा रहा है।

पुर्व में जो नियम बीकेबी कम्पनी व जीएनसी कन्ट्रक्शन कम्पनी मे कुसमी सामरी की सभी गाडीयों को एक लाईन से लोडिंग में भेजा जा रहा था, उसी तरह से सभी गाडीयों को भेजा जाये। ओभर लेबर लगाने पर भी सभी गाड़ियों को एक लाईन से लोडिंग में भेजा जाये। गाडी मालीक के ट्रान्सपोटिंग का पेमेन्ट प्रत्येक माह का दुसरे मांह के 5 तारीख के अंदर दिया जावे। तथा पीछला बकाया पेमेंट का तत्काल भुगतान किया जावे। इस सब उपरोक्त विषय पर ट्रक मालिकों ने 15 दिन के अन्दर समाधान करने को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

अगर उनकी समस्या का सामाधान नही होता है तो, कुसमी लोकल के सभी ट्रक मालीक हिंण्डाल्को आफिस के सामने अपनी अपनी गाडीयों से घेराव कर आंदोलन करेगी। आंदोलन से उत्पन्न अद्योगीक अशान्ती की सारी जिम्मेदारी बीकेबी व जीएनसी कन्ट्रक्सन कम्पनी एवं हिंन्डाल्को इन्टस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभाग कुसमी सामरी की होगी।

कुसमी ट्रक मालिकों ने प्रतिलिपि ज्ञापन – कुसमी (सामरी) विधायक, व तहसीलदार कुसमी, व खान महाप्रबंधक हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभाग कुसमी समरी को ज्ञापन देकर अपनी मांगों को अवगत कराया गया है।

ज्ञापन देने पर उपस्थित सभी कुसमी लोकल ट्रक मालिक संघ।

**** इस संबंध में सामरी विधायक को भी ज्ञापन दिया गया है, उन्होंने सभी लोकल कुसमी ट्रक मालिकों से बात-चीत कर कहा कि आगे इस इस विषय पर कंपनी से चर्चा कर सभी ट्रक मालिकों सूचना दे कि बात कही गयी।***

**सामरी विधायक चिंतामणि महाराज**

# भाजपा कोरिया का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन सम्पन्न

## बूथ जीतो खुद जीतो और अपनी सरकार बनाओ – योगेश लाम्बा

जोहार छत्तीसगढ़– कोरिया।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश आह्वान पर और भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में कोरिया भाजपा के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा संयोजक योगेश लाम्बा एवं चंपादेवी पावेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री भईयालाल राजवाड़े, जिला संगठन प्रभारी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, जिला संगठन सहप्रभारी परमेश्वरी राजवाड़े, विधानसभा प्रभारी चिंटू राजपाल के उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई

जिसमें भाजपा जिला पदाधिकारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष/महामंत्री, सभी मोर्चा के प्रभारी, सभी मोर्चा के जिला




अध्यक्ष/जिला पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, सभी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष/महामंत्री/मंडल पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य उपस्थित रहे।कोरबा के पूर्व महापौर व कोरबा लोकसभा प्रभारी योगेश लांबा के द्वारा उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को बतौर चुनावी तैयारियों और पार्टी के मुख्य उद्देश्य तथा लक्ष्य को अवगत कराते हुए बूथ सशक्तिकरण सहित समस्त मोर्चों के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से रुबरू होकर उन्हें बूथ और शक्ति केंद्रों में अपनी भूमिका को तेज करने कहा गया। पन्ना प्रमुख को जिम्मेदारी पूर्वक कार्य कराने सहित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित मतदाताओं को साथ लेकर बूथ स्तर से लेकर मोहल्लों वार्डों तक मतदाताओं को केंद्र सरकार की संचालित योजना के विषय में बताकर भारतीय जनता पार्टी के जनहितकारी योजनाओं, लाभ और नीतियों से अवगत कराएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की बूथ जीतो खुद जीतो और सरकार बनाओ,जैसे मूल मंत्रो पर कार्य करने की प्रेरणा दिए और वहीं चिंटू राजपाल के द्वारा अब तक बूथ स्तर सहित समस्त मोर्चों के दायित्व और पार्टी संबंधी किए गए कार्यों की समीक्षा ली गई और उपस्थित सभी मोर्चों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को आगे की जिम्मेदारी को दुरुस्त करने कहा गया। साथ ही जमीनी स्तर पर पार्टी संबंधित दायित्व निर्वहन का समुचित जायजा लिया गया।

# स्लम स्वास्थ्य योजना ग़रीबों के लिए बनी वरदान

## शकीला बानो अपने 4 वर्षीय बच्चे के साथ पहुँची एमएमयू

जोहार छत्तीसगढ़– एमसीबी।

एमसीबी जिले में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट द्वारा शहर के गली-मोहल्लों में शिविर लगाया जा रहा है जिससे ग़रीब और ज़रूरतमन्द लोगों को छोटी-छोटी बीमारी के ईलाज के लिए अस्पताल नहीं जाना पड़ता। इससे लोगों के समय और पैसे की बचत हो रही है। नगर निगम चिरमिरी में 2 एवं नगर पंचायत मनेंद्रगढ़, खोंगापानी, झगराखंड व लेदरी में एक मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है।

मंगलवार को नगर पंचायत खोंगापानी में सीआरओ कैंप स्कूल के पास लगाए गए



स्वास्थ्य शिविर में कोल दफाई निवासी 35 वर्षीय शक़ीला बानो स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचीं। उन्होंने बताया कि मैं अपने बच्चे के साथ स्वास्थ्य जाँच के लिये बस में आई थी। मेरे हाथ-पैर में दर्द और कमजोरी की शिकायत थी। डॉक्टर के द्वारा चेकअप करने के बाद लैब टेस्ट किया गया। डॉक्टर ने मुझे सिरप और टेबलेट प्रदान किया। एमएमयू में मैं अक्सर आते रहती हूँ। मेरी छोटा सा बच्चा है उसे भी मैं बीच बीच में सर्दी खांसी बुख़ार होने पर स्वास्थ्य जाँच के लिये बस में लाती हूँ। यहाँ से मिलने वाले दवा से मुझे राहत मिलती है। एमएमयू में डॉक्टर के द्वारा नि:शुल्क चिकित्सकीय परामर्श और दवा की सुविधा दिलाने के लिये मैं मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देती हूँ।

*निगम आयुक्त सुश्री लवीना पांडेय ने बताया कि 6 जून 2023 को खोंगापानी में लगाये गये एमएमयू द्वारा कुल 86 लोगों का नि:शुल्क ईलाज किया गया है। इनमें से कुल 83 लोगों को ईलाज कर दवा का वितरण किया गया और 25 लोगों का नि:शुल्क लैब टेस्ट किया गया है। एमएमयू में बच्चे, बुज़ुर्ग और महिलाएँ स्वास्थ्य जाँच के लिये आती हैं।*

## एक नजर

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में पर्यावरण दिवस मनाया गया

जोहार छत्तीसगढ़–एमसीबी।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग परिक्षेत्र चिरमिरी एवम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चिरमिरी के संयुक्त तत्वावधान मे विधालय परिसर मे सघन वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में फलदार एवं छायादार पौधें लगाए गए । पौधारोपण के कार्य में वन विभाग के अधिकारी , कर्मचारी तथा आत्मानंद विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थीगण शामिल हुए । वृक्षारोपण के इस अवसर पर वन विभाग की ओर से एस.डी सिंह डिप्टी रेंजर, प्रकाश नारायण सिंह , नरेंद्र जयसवाल, नरेश सिंह, संस्था के प्राचार्य डॉ. डी.के उपाध्याय ,शिक्षिकाएं एवम विद्यार्थी उपस्थित थे । विश्व पर्यावरण दिवस के इस अवसर पर सभी लोगों ने पर्यावरण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने एवं वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प लिया।




# संसदीय सचिव, विधायक एवं कलेक्टर ने सारंगढ़ में किया पौधरोपण

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रांगण सारंगढ़ में वन विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय, विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े, सदस्य गौ सेवा आयोग पुरूषोत्तम साहू, कैलाश नायक, मंजू मालाकार, सोनी अजय बंजारे, अनिका भारद्वाज, गोल्डी नायक उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया। संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय ने पर्यावरण की रक्षा के लिए शपथ दिलाई। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने इस अवसर पर कहा कि हम सब जानते हैं कि पर्यावरण में डिस्टर्बेन्स के कारण प्रकृति की प्रतिक्रिया तबाही के रूप में बाढ़, पर्वतों में हिम स्खलन के परिणाम आते हैं। अतिथियों द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर डीएफओ गणेश, संयुक्त कलेक्टर भागवत जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े सहित एनसीसी, एनएसएस के कैडेट उपस्थित थे।

# पशुधन के ग्रीष्मकालीन एवं वर्षा ऋतु में उचित रख-रखाव के लिए आवश्यक निर्देश

**कोरबा** । पशुधन विभाग द्वारा पशुपालकों को ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु में पशुओं को उचित रख-रखाव हेतु आवश्यक सुझाव दिए गए हैं। ग्रीष्म ऋतु में पशु गृह में हवा का मुक्त आवागमन सुनिश्चित कर पशुओं को सीधी धूप से बचाने के लिए पशुशाला के मुख्य द्वार पर खस (खसखस) या जूट की बोरियों के पर्दे लगाने चाहिए। पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए पशुशाला में पंखे, कूलर और स्प्रिंकलर सिस्टम लगाए जा सकते हैं। यह दुधारू पशुओं के लिए उपयुक्त है। पर्याप्त स्वच्छ पेयजल हमेशा उपलब्ध होना चाहिए। पीने के पानी को छांव में रखें। पानी और पानी के कुंडों को हमेशा साफ रखें। पानी के कुंडों का नियमित चूने से सफाई करनी चाहिए। पशुओं को कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन जैसे- आटा, रोटी, चांवल आदि न खिलाएं। संतुलित आहार के लिए अनाज और चारा का अनुपात 40:60 रखें। गर्मियों के दौरान उगाई जाने वाली ज्वार में जहरीले पदार्थ हो सकते हैं, जो जानवरों के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसलिए वर्षा के अभाव में ज्वार की फसल को पशुओं को खिलाने से पहले 2-3 बार सिंचाई कर दें। पशुओं में बरसात के मौसमी बिमारियों की रोकथाम हेतु गर्मी में एच.एस., एफएम.डी., बी.क्यू. आदि के टीके लगवाने चाहिए। पशुगृह के खुले क्षेत्र के आसपास छायादार वृक्ष लगायें, जो तापमान को कम करने में सहायक होते हैं। अपने क्षेत्र में चारे की पर्याप्त उपलब्धता तथा पशुओं हेतु की उपलब्धता स्थानीय निकाय से समन्वय बनाकर सुनिश्चित करें। जिले के सभी पशु चिकित्सा संस्थानों जीवन रक्षक औषधि का भण्डारण सुनिश्चित करें। पशुओं में लू लगने पर पशु चिकित्सक से परामर्श लें। इसी तरह बरसात की मौसम के शुरूआत से पहले और उसके दौरान जानवरों को विभिन्न आंतरिक परजीवियों के खिलाफ कृमिनाशक दवा दी जानी चाहिए। फार्म पशुओं को संक्रामक रोग अर्थात् हेमोरेजिक सेप्टीसीमिया (एचएस), ब्लैक क्वार्टर (बीक्यू) और खुरपका और मुंहपका रोग (एफएमडी) के लिए वर्षा ऋतु के पूर्व ही टीका लगाया जाना चाहिए।

केलो संरक्षण अभियान को समर्पित है जिला प्रशासन द्वारा प्रकाशित यह पुस्तिका

# 'केलो मैया-केलो है, तो कल है' पुस्तिका का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया विमोचन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के अवसर पर रायगढ़ आये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ की जीवन रेखा मानी जाने वाली केलो नदी के संरक्षण पर आधारित पुस्तिका 'केलो मैया-केलो है, तो कल है' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अभियान के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा सहित पूरे जिला प्रशासन को शुभकामनाएं दी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि केलो मैया के नाम से प्रकाशित पुस्तिका में केलो नदी तथा संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई है। इसके साथ ही केलो नदी के तट पर स्थित पर्यटन स्थलों को भी इसमें जगह दी गई है। रायगढ़ जिले के अंतिम छोर के सुदूर में प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण पहाड़ लुड़ेग से केलो नदी का उद्गम होता है। लैलूंगा के पहाड़ लुड़ेग से निकलने वाली नदी की रायगढ़ में कुल लम्बाई लगभग 90 कि.मी. है। यह महानदी के सहायक नदी है और उड़ीसा राज्य के महादेव पाली नामक स्थान पर महानदी में विलीन हो जाती है।

### केलो नदी के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रशासनिक प्रयासों के साथ जनसहयोग से छेड़ी गई मुहिम



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर जिले में आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित करने की दिशा में जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर जिले में वृहत स्तर पर प्रयास किए जा रहे है। 'केलो है तो कल है' के संकल्प के साथ केलो नदी के संरक्षण व संवर्धन की मुहिम रायगढ़ जिले में प्रशासनिक प्रयासों के साथ जनसहयोग से छेड़ी गई है। जिससे आने वाले समय में नदी का स्वरूप निखरे। केलो संरक्षण अभियान का मूल उद्देश्य है कि प्राकृतिक जल को व्यर्थ बहने से रोका जाए और रुके हुए जल को भूमिगत किया जाए। जिसके अंतर्गत जल स्त्रोतों को सहेजने और संवर्धन के काम किए जा रहे है। केलो नदी के संवर्धन का अभियान शुरू किया गया है और आने वाले दिनों में केलो नदी के किनारे एवं अलग-अलग क्षेत्रों में वृहत स्तर पर पौधे लगाने का कार्य किया जाएगा। जिसके लिए कलेक्टर सिन्हा द्वारा जिले के विभिन्न हिस्सों में स्वयं जाकर जगह चिन्हांकन किया गया एवं पौध रोपण हेतु सभी प्रकार की तैयारियां भी की जा रही है। इसी तरह जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखने के लिए जिले की पंचायतों में जागरूकता के लिए मुहिम चलायी जा रही है। नदी तट से लगे गांवों में तालाबों को गहरा किया जा रहा है, ताकि भूमिगत जल स्तर में सुधार हो सके।

### एरिया और नरवा ट्रीटमेंट दोनों मोर्चों पर किया जा रहा कार्य

केलो नदी के संरक्षण के लिए एरिया ट्रीटमेंट और नरवा ट्रीटमेंट दोनों मोर्चों पर काम किया जा रहा है। नदी तट पर बसे गांवों को भी इसमें शामिल किया गया है। केलो नदी के पुनरुद्धार के लिए वॉटरशेड के रिज टू वैली कांसेप्ट से काम हो रहा है। चोटी पर नदी के उद्गम से लेकर नीचे की ओर जाने वाले नदी की लाइनिंग को जोड़ा जा रहा है। इसमें पूरे क्षेत्र को ढलान के अनुसार अलग-अलग भागों में बांटा गया है। जिसमें बहाव को नियंत्रित करने तथा जल को स्टोर करने के लिए विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। जिससे पानी का अधिकतम उपयोग हो। एरिया और नरवा ट्रीटमेंट के तहत नदी के तटों का कटाव, गाद जमा होना, बहाव में कमी, घटता भू-जल जैसी समस्याओं को दूर करने का कार्य किया जा रहा है। इसमें नरवा ट्रीटमेंट के लिए ब्रशवुड चेक, लूज बोल्डर चेक, गेबियन स्ट्रक्चर, चेक डैम तथा स्टॉप डैम का निर्माण होगा। एरिया ट्रीटमेंट के तहत विभिन्न स्ट्रक्चर जैसे कंटूर ट्रेंच, पर्कोलेशन टैंक, स्टेटगार्ड ट्रेंच बनाया जायेगा।

## राशन दुकानों में केवाईसी के लिए जनता परेशान

**सरवर समस्या के कारण घंटों इंतजार करने के बाद नहीं हुआ केवाईसी अपडेट**

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

पीडीएस वक्ताओं को केवाईसी करना होगा सरकारी राशन पाने के हकदार हैं या नहीं इसके लिए संबंधित राशन दुकान में केवाईसी करना होगा राशन वितरण में अफरा-तफरी की शिकायत को ध्यान में रखते हुए शासन ऐसी व्यवस्था पहली बार की है अब जिन राशनकार्ड धारियों को नियमित राशन उठाओ की समस्या से मुक्ति पाना है तो उन्हें अपना आधार नंबर को राशन दुकान जाकर अपडेट कराना है ऐसी व्यवस्था पहली बार की है अब जिन राशन कार्ड धारियों को नियमित राशन उठाओ की समस्या से मुक्ति पाना है तो उन्हें अपना आधार नंबर को राशन दुकान जाकर पॉस मशीन में बायोटिक वेरीफि केशन यानी केवाईसी



कराना होगा अन्यथा राशन के लिए जूझना पड़ सकता है । राशन कार्ड में शामिल सदस्य की केवाईसी नहीं होगा सरकारी राशन से वंचित हो सकते हैं । इसलिए राशन कार्ड में परिवार के तीन जितने सदस्यों का ब्यौरा दर्ज है राशन कार्ड में शामिल सदस्य की केवाईसी नहीं होगा । सरकारी राशन से वंचित हो सकते हैं। इसलिए राशन प्रत्येक सदस्यों का केवाईसी दर्ज कराना होगा केवाईसी के लिए 30 जून तक की समय अवधि तय की गई है। परंतु सरवर समस्या से जनता परेशान हैं। घंटों इंतजार करने के बाद बिना केवाईसी अपडेट कराएं वापस लौट रहे हैंस राशन कार्ड में शामिल कई सदस्यों की मृत्यु के बाद भी उनका नाम नहीं हटता और राशन मिलते रहता है।

## संसदीय सचिव राजवाडे ने किया पीडीएस दुकान का किया शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



भटगांव विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत निरन्तर विकास की गति को आगे बढाते हुए आज संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक पारसनाथ राजवाड़े द्वारा ग्राम पंचायत लटोरी के भण्डारपारा मे शासकीय उचित मूल्य दुकान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाडे द्वारा अपने वक्तव्य में बताया गया कि छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप आज भण्डारपारा में शासकीय उचित मूल्य दुकान का शुभारंभ किया गया है, छत्तीसगढ़ शासन की मंशा है कि हितग्राहियों को अधिक-अधिक सुविधा प्रदान किया जाये। इससे पूर्व भण्डारपारा के हितग्राहियों का राशन लेने के लिए 4 किमी की दूरी तय करके राशन लेने के लिए लटोरी जाना पड़ता था। जिससे हितग्राहियों का काफी असुविधा का सामना करना पड़ता थाए लेकिन अब भण्डारपारा मे पीडीएस दुकान खुल जाने से हितग्राहियों को लम्बी दुरी तय नहीं करना पड़ेगा। इसी प्रकार संसदीय सचिव द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ में पूर्व की सरकार द्वारा केवल गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को ही राशन दिया जाता था, परन्तु जब से छत्तीसगढ़ में सरकार बनी है, राज्य शासन द्वारा सभी वर्गो को ध्यान में रखते राशन वितरण का योजना चलाया जा रहा है ताकि किसी भी व्यक्ति को भूखा न सोना पड़े। इस कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनों द्वारा विद्युत एवं पेयजल की समस्या से अवगत कराये जाने पर संसदीय सचिव द्वारा जल्द ही समस्या के निराकरण हेतु लोगों को आश्वत किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नेता अयोध्या जायसवाल, अनुज देवांगन, चन्द्रप्रताप राजवाडे, कन्नीलाल राजवाडे, राजस्व निरीक्षक लटोरी, पुलिस स्टॉफ लटोरी एवं स्थानीय जन उपस्थित रहें।

## बिलासपुर एसडीएम के उपस्थिति में राजस्व निरीक्षक छत्तलाल कश्यप को दी गई विदाई समारोह

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

बिलासपुर तहसील परिसर के सभागार में राजस्व निरीक्षक छत्तलाल कश्यप की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन 31 मई को किया गया। समारोह में बिलासपुर एसडीएम श्रीकांत वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। तहसील के राजस्व निरीक्षक छत्तलाल कश्यप के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित सम्मान समारोह में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कार्यकुशलता की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बिलासपुर एसडीएम श्रीकांत वर्मा ने उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रिटायर्ड होने के बाद भी सरकारी कर्मियों को सक्रियता के साथ समाज के उन्मुखीकरण पर ध्यान देते हुए समय का उपयोग करना चाहिए। तहसीलदार अतुल वैष्णव, केके जयसवाल, तुलसी राठौर



अतिरिक्त तहसीलदार, अशोक सोनी जिलाध्यक्ष रानि संघ संजय कौशिक रानि ओपी तिवारी कानूनगो, शनरेंद्र पांडे बाबू, अशोक ध्रुव अध्यक्ष पटवारी संघ तहसील, बिलासपुर आलोक तिवारी पटवारी एवं तहसील परिवार के समस्त राजस्व निरीक्षक समस्त पटवारी समस्त लिपिक उपस्थित रहे इस मौके पर कहां की सरकारी कर्मचारियों को सक्रियता के साथ समाज के उन्मुखीकरण पर ध्यान देते हुए समय का उपयोग करना चाहिए। इस कार्य से आत्मिक संतुष्टि मिलेगी। तहसील कार्यालय बिलासपुर में आयोजित विदाई समारोह में उनको भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक को उपहार व फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। नि:स्वार्थ भाव और ईमानदारी से विभागीय कार्य किया। आज हम अपने साथी को विदा जरूर कर रहे, लेकिन उनका अनुभव हमेशा काम आएगा। तथा अपने उद्बोधन में छत्तलाल कश्यप के शानदार 37 वर्ष की सेवा में निर्विवाद रूप से निष्ठा पूर्वक कार्य करने की प्रशंसा की गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## एक नजर

### विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केंद्र दुर्ग और जगदलपुर में प्रवेश हेतु 30 जून तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन योजना अंतर्गत विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र कन्या हेतु जिला दुर्ग तथा बालक हेतु जिला जगदलपुर बस्तर में पात्रता रखने वाले छात्रों को प्रवेश दिया जाना है। इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश हेतु आवेदन पत्र कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं छात्रावासों से निर्धारित प्रारूप प्राप्त कर वांछित समस्त दस्तावेजों के साथ 30 जून तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जशपुर में जामा कर सकते हैं। प्रवेश हेतु अनुसूचित क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राएं जिन्होंने 12वीं बोर्ड परीक्षा न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण किये हो एवं विज्ञान व वाणिज्य विषय के साथ आगामी पढ़ाई के इच्छुक हों। ऐसे इच्छुक विद्यार्थियों को विभाग के साथ अनुबंध पत्र हस्ताक्षर करना होगा कि विज्ञान एवं वाणिज्य विषयों के स्नातक स्नातकोत्तर तथा बीएड की पढ़ाई के पश्चात् वे प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं देने के लिए सहमत है। बस्तर एवं दुर्ग जिला मुख्यालय पर संचालित विज्ञान वाणिज्य केन्द्र पर अस्थायी प्रवेश दिया जाएगा। अस्थायी रूप से प्रवेशित समस्त विद्यार्थियों को स्वयं की रुचि से संबंधित जिला मुख्यालय दुर्ग, जगदलपुर, अथवा आसपास संचालित शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय विश्वविद्यालय में संचालित विज्ञान वाणिज्य विषय की स्नातक अथवा स्नातकोत्तर कक्षाओं में 15 दिवस के अंदर प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। नियमित शिक्षण संस्थान में प्रवेश के बाद विद्यार्थियों को विज्ञान एवं वाणिज्य विकास केन्द्र में स्थायी प्रवेश दिया जायेगा। स्थाई प्रवेश के पश्चात् विद्यार्थी को योजना के तहत दी जाने वाली अन्य सुविधाओं की पात्रता होगी। स्नातक स्तर पर एक वर्ष परीक्षा अनुत्तीर्ण विद्यार्थी को पुन: शासकीय व्यय पर 1 वर्ष के लिये प्रवेश की पात्रता होगी। पुन: अनुत्तीर्ण होने पर आगामी 1 वर्ष तक विद्यार्थी को स्वयं के व्यय पर अध्ययन करना होगा। किसी भी स्थिति में स्नातक पाठ्यक्रम हेतु अधिकतम 4 वर्ष तक छात्रवृत्ति एवं अन्य सुविधाओं की पात्रता होगी।

### चांटीपाली गौठान में समूहों ने केंचुआ उत्पादन कर लाभ अर्जित की

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा सभी जिले के गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट के माध्यम से जैविक खाद का निर्माण किया जाता है। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम चांटीपाल गौठान में सौर ऊर्जा से संचालित नलकूप है। इसमें पानी उपलब्ध है। गौठान में जैविक खाद भंडारण के लिए भवन, कुक्कुट पालन के लिए शेड और मल्टी, क्टिवटी सेंटर है, जहां गांव में कार्यरत सभी समूहों द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पाद और प्रशिक्षण दिए जाते हैं। इस गौठान में कार्यरत दुर्गा, रजनी और बिहान स्व-सहायता समूह ने वर्मी कम्पोस्ट के साथ-साथ केंचुआ उत्पादन किया। दुर्गा स्वसहायता समूह की अध्यक्ष ममता वैष्णव ने बताया कि तीनों समूहों की 10 महिलाओं ने गौठान में केंचुआ उत्पादन किया है और 4-5 गौठानों को केंचुआ बेचकर लाभ अर्जित की है।

### जिले में किया जाएगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**इच्छुक उम्मीदवारों को मिलेगा रोजगार का अवसर**

**कोरबा** । युवाओं को रोजगार प्रदान करने प्लेसमेंट कैंप (रोजगार शिविर) का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय कोरबा में 07 जून 2023 को किया जाएगा। प्लेसमेंट कैंप में कुल 06 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। युवाओं की भर्ती इंटरव्यू-प्लेसमेंट के माध्यम से की जाएगी। इन कंपनियों में द रॉयल हंटर सेक्टर -02 बाल्को नगर में गार्ड के 05 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इस पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं एवं 10वीं पास निर्धारित है। इसी प्रकार केनल बॉय (हेल्पर) के 01 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 5वीं पास एवं आयु सीमा 20 से 40 वर्ष तक निर्धारित की गई है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार रोजगार कार्यालय कोरबा में 07 जून 2023 को अनिवार्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

## जिला स्तरीय टीकाकरण टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न



जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में मिजल्स रुबेला उन्मूलन अभियान के सफ ल संचालन हेतु जिला स्तरीय टीकाकरण टास्क फोर्स की बैठक आज कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरएस सिंह, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ अजय मरकाम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम एवं अन्य समिति के सदस्यों की उपस्थिति में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये। सभी विकास खण्डों में मिजल्स रूबेला उन्मूलन अभियान के सफ ल संचालन हेतु टीकाकरण पॉइंट बनाये जायें। समस्त विकास खण्ड में सेक्टर चार बैठक कराकर जल्द से जल्द ड्यू लिस्ट बनाना सुनिश्चित किया जाये। गांव में मिजल्स रूबेला उन्मूलन अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु पूर्व से ही व्यवस्था की जाये, गांवों में मुनादी कराकर, दीवाल लेखन, सभी मोहल्ला में बैठक कराकर मिजल्स रूबेला उन्मूलन का प्रचार किया जायें। ग्राम पंचायत के सरपंच को मिजल्स रूबेला उन्मूलन के महत्व को समझाते हुए सरपंच को अपने ग्राम पंचायत में भ्रमण कर लोगों को मिशन इन्द्रधनुष अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया जाये।

समस्त विकास खण्डों में एक मोडल नियुक्त किया जाये, जो कि मिजल्स रूबेला उन्मूलन अभियान का पूर्ण निरिक्षण कर अभियान को सुचारू रूप से संचालित कराये। मिजल्स रूबेला उन्मूलन अभियान को सफल बनाने हेतु अन्य निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। जहाँ खसरा रूबेला के जहां मरीज ज्यादा मिले है वैसे स्थानों को चिन्हांकित कराना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये।

## शिक्षा सत्र से पहले स्कूलों में पहुंचे किताबें और गणवेश-कलेक्टर

**केलो संरक्षण अभियान के कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा**

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि 16 जून से नया शिक्षा सत्र शुरू होने जा रहा है, उससे पहले सभी स्कूलों में किताबें और गणवेश पहुंच जाए यह सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होंने स्कूलों के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने स्कूलों के बाउंड्रीवॉल की भी पेंटिंग के निर्देश दिए। इसी के साथ छात्रावासों में भी सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश उन्होंने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को दिए। कलेक्टर सिन्हा ने छात्रावासों के नियमित निरीक्षण के लिए रोस्टर तैयार करने के लिए भी निर्देशित किया, साथ ही जिन बालिका छात्रावासों में सोलर लाइट का काम चल रहा है उसे शीघ्र पूर्ण करवाने के लिए कहा।



**जल्द लगेगा रोजगार मेला, कलेक्टर ने कहा शुरू करें तैयारी**

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक के दौरान सभी राजस्व अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि पटवारियों की कार्यालय से अनुपस्थिति के कारण तहसील कार्यालयों में आने वाले लोगों के काम प्रभावित नहीं होने चाहिए। इसके लिए उन्होंने जरूरी व्यवस्थाएं करने के लिए कहा। लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई और सभी प्रकरणों को तत्काल निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने फ्लाई ऐश के अवैध परिवहन को लेकर लगातार कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पर्यावरण विभाग के साथ खनिज, पुलिस और परिवहन अधिकारी को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग पर भी कार्यवाही करते रहें।

कलेक्टर सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने हाट-बाजार क्लिनिक के नियमित संचालन के निर्देश दिए। विभिन्न अस्पतालों में चल रहे निर्माण कार्यों के बारे में भी उन्होंने अपडेट लिया। सभी निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के लिए कहा। वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर कलेक्टर सिन्हा ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने विभाग के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने नए निर्माणों में अनिवार्य रूप से वाटर हार्वेस्टिंग का प्रावधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने सुपोषण अभियान के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की।

### केलो के संरक्षण पर चल रहे कार्य की हुई समीक्षा

उन्होंने केलो नदी के संरक्षण व संवर्धन के लिए किये जा रहे कार्यों में नदी और नरवा संवर्धन के कार्यों को को शीघ्रता से पूरा करते चलने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर चल रहे तालाब गहरीकरण के कार्यों को भी जल्द पूरा करने के लिए कहा। इसके साथ ही बारिश के पूर्व शहरी इलाकों में नदी की साफ-सफाई कर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

**जल्द लगेगा रोजगार मेला**

कलेक्टर सिन्हा ने जिला रोजगार अधिकारी को जल्द ही जिले में अगला रोजगार मेला लगाने की तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बार पिछले बार की तुलना में अधिक संख्या में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास करना है। इसके लिए सभी उद्योगों से वेकेंसी लेने के लिए कहा। जिससे मेले में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके।

### वृहत वृक्षारोपण अभियान, कलेक्टर ने की समीक्षा

*कलेक्टर सिन्हा ने इस मानसून जिले में होने वाले वृहत वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को चिन्हांकित भूमि पर वृक्षारोपण के लिए सारी तैयारी करने के निर्देश दिए। साथ ही वन तथा उद्यानिकी विभाग को पौधे उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि जिले में इस मानसून बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। जिसमें केलो नदी के तट पर भी करीब 50 एकड़ में पौधे रोपे जायेंगे।*

## निखिल सिद्धार्थ की अगली फिल्म स्वयंभू का फर्स्ट लुक जारी




तेलुगू स्टार निखिल सिद्धार्थ की 20वीं फिल्म स्वयंभू के निमार्ताओं ने प्री-लुक पोस्टर जारी करने के बाद गुरुवार को एक्टर के जन्मदिन के मौके पर फर्स्ट लुक जारी किया। भरत कृष्णमाचारी द्वारा निर्देशित और पिक्सेल स्टूडियोज बैनर के तहत भुवन और श्रीकर द्वारा निर्मित फिल्म स्वयंभू को टैगोर मधु प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल अगस्त में शुरू होगी। स्वयंभू का अर्थ है स्व-जन्मा या वह जो अपने हिसाब से बना है। फर्स्ट-लुक पोस्टर में निखिल को युद्ध के मैदान में एक योद्धा के रूप में देखा जा सकता है। लंबे बालों और चेहरे पर मुस्कराहट के साथ, वह घोड़े की सवारी कर रहे हैं।

उनके एक हाथ में भाला है, तो



## तितली बनकर होश उड़ाती नजर आईं पलक तिवारी, खूबसूरती देखकर फैंस हुए बेताब

एक्ट्रेस पलक तिवारी अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस के दिलों को बेताब करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनका स्टाइलिश लुक और खूबसूरती फैंस के सिर आंखों पर चढ़कर बोलती है। वहीं, लेटेस्ट बटरफ्लाई आउटफिट में एक्ट्रेस पलक तिवारी बेहद ही गजब की बला लग रही हैं।

एक्ट्रेस पलक तिवारी ऑरेंज और ब्लैक कलर में तितली आउटफिट में एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने हुस्न का जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं। पलक तिवारी इस बोल्ड आउटफिट के साथ ओपन हेयर स्टाइल में कहर बरपाती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी अपनी सोख अदाओं से फैंस के दिलों को बेताब करने का हुनर बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी फेमस एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी हैं। लेकिन, दोनों को एक साथ खड़ा देखकर उनकी उम्र का अंदाजा लगाना मुश्किल होगा। एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने कातिलाना अंदाज और मनमोहक स्माइल से सभी का दिल घायल कर देती हैं। पलक तिवारी आदित्य सील के साथ मंगता है क्या गाने में भी काम कर चुकी हैं। पंजाबी सिंगर हार्डी संधू के साथ पलक ने बिजली बिजली सॉन्ग किया है। ये गाना इतना पॉपुलर हुआ कि उनका नाम फैंस बिजली गर्ल ही बुलाने लगे। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि पलक तिवारी को इंस्टाग्राम पर 3.6 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। पलक तिवारी अपनी मां श्वेता तिवारी की तरह ही बेहद खूबसूरत हैं।

## उर्वशी रौतेला आएंगी परवीन बाबी की बायोपिक में नजर

*कान्स फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनने के बाद अब उर्वशी रौतेला अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुट गई हैं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर बताया है कि वह दिग्गज अभिनेत्री परवीन बाबी की बायोपिक में दिखाई देंगी।*

इस बायोपिक को लेकर पिछले काफी समय से चर्चा चल रही थी, जिसका ऐलान हो गया है। अभिनेत्री ने इसकी जानकारी देते हुए परवीन बाबी को गर्व महसूस कराने की बात कही है, जिसमें बॉलीवुड असफल रहा था। उर्वशी कान्स फिल्म फेस्टिवल में भी दिग्गज अभिनेत्री की बायोपिक के फोटोकॉल लॉन्च का हिस्सा बनने के लिए पहुंची थीं। अब उन्होंने फिल्म से जुड़ी अपडेट प्रशंसकों के साथ साझा करने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया है। उन्होंने फिल्म की स्क्रिप्ट का पहला पेज दिखाते हुए एक छोटी सी क्लिप साझा की है, जिसमें फिल्म के निर्देशक वसीम एस खान का नाम भी लिखा है। खान द्वारा निर्देशित इस अनटाइटल्ड बायोपिक को धीरज मिश्रा ने लिखा है। उर्वशी ने इस पोस्ट के साथ लिखा, बॉलीवुड असफल रहा, लेकिन परवीन बाबी मैं आपको गर्व महसूस कराऊंगी। ओम नमः शिवाय। वाकई ये नया सफर जादुई है। अभिनेत्री ने जो स्क्रिप्ट साझा की है, उसमें लिखा है कि यह फिल्म परवीन के फिल्मी सफर के साथ-साथ उनकी निजी जिंदगी के बारे में भी बताएगी। यह उनकी जिंदगी के सुनहरे पलों को पर्दे के जरिए दुनिया के सामने पेश करेगी। इस फिल्म को लेकर उर्वशी काफी उत्साहित हैं।

उर्वशी के फिल्म की घोषणा करने के बाद से ही प्रशंसक उत्साहित हो गए हैं और बायोपिक के लिए उन्हें बधाई दे रहे हैं। कोई परवीन के जीवन पर फिल्म बनाने के लिए उन्हें धन्यवाद कह रहा है तो कोई उर्वशी के लिए खुश है। एक ने लिखा, परवीन के रूप में आपको बड़े पर्दे पर देखने के लिए हम अपना उत्साह नहीं रोक सकते। यह निश्चित रूप से आपकी सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक होगी। परवीन ने अपने करियर की शुरुआत साल 1972 में मॉडलिंग से की थी।



## भूल भुलैया 2: तमिल में बनेगा इस सुपरहिट फिल्म का रीमेक, सिंघम के निर्माता लगाएंगे दांव

कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 एक बार फिर चर्चा में आ गई है। जहां अब भूल भुलैया 3 की तैयारी चल रही है, वहीं खबर है कि दूसरे भाग की लोकप्रियता देख अब इसे तमिल में बनाया जा रहा है, ताकि तमिल भाषी दर्शक भी इसका लुत्फ उठा सकें। भूल भुलैया के बाद भूल भुलैया 2 को भी दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी। अब साउथ के निर्माता इसी लोकप्रियता को अपनी फिल्म में भुनाना चाहते हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, प्रतिष्ठित निर्माता ज्ञानवेल राजा ने फिल्म को बनाने के राइट्स हासिल कर लिए हैं। वह तमिल रीमेक बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। ज्ञानवेल के अलावा साउथ के दूसरे निर्माता भी अधिकार हासिल करने की दौड़ में शामिल थे। ज्ञानवेल ने भी इस खबर की पुष्टि कर दी है। अब बेशक उन दर्शकों की खुशी का ठिकाना नहीं होगा, जो भूल भुलैया 2 के तमिल संस्करण की राह देख रहे थे। ज्ञानवेल ने कहा ,हां, मैंने भूल भुलैया 2 के साउथ रीमेक राइट्स खरीदे हैं। मेरा मानना है कि यह एक अलग अंदाज में यहां बताई जाने वाली एक अच्छी कहानी साबित होगी। फिल्म के लिए कलाकारों का चयन मैंने अभी नहीं किया है। कास्टिंग प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही कलाकारों के नाम पर मोहर लगेगी। ज्ञानवेल प्रोडक्शन कंपनी स्टूडियो ग्रीन के मालिक हैं। उन्होंने परुथीवीरन, सिंघम, नान महान अल्ला, सिरुथाई और मद्रास जैसी कई यादगार फिल्में बनाई हैं। भूल भुलैया 2 ने शानदार प्रदर्शन किया था। बॉक्स ऑफिस पर इसने कई रिकॉर्ड बनाए थे।

एसएसएमबी28 शीर्षक गुंटूर करम

## महेश बाबू स्टारर का फर्स्ट लुक और टीज़र आउट

सुपर स्टार महेश बाबू और शब्दों के जादूगर त्रिविक्रम श्रीनिवास के घातक संयोजन में तीसरी फिल्म एसएसएमबी28 का शीर्षक, सुपरस्टार महेश बाबू के कट्टर प्रशंसकों द्वारा सदाबहार सुपरस्टार कृष्णा के बर्थ एनिवर्सरी के अवसर पर लॉन्च किया गया है। टाइटल लॉन्च इवेंट सुदर्शन थिएटर में हुआ। फिल्म का शीर्षक गुंटूर करम है, जिसकी टैगलाइन अत्यधिक ज्वलनशील है, और शीर्षक के साथ-साथ शीर्षक दोनों ही सुपर प्रशंसकों और जनता को खुश करेंगे। शीर्षक और कैप्शन बहुत ही आकर्षक है। झलक में आते ही, महेश बाबू हाथ में एक छड़ी लेकर हरकत में आ जाते हैं, क्योंकि मिर्ची यार्ड में हर कोई उनका इंतजार कर रहा होता है। एंडी अट्टा सोस्तुन्नव... बीड़ी 3डी लो कनबदुथुंडा... महेश बाबू गरजता है, जब वह जमीन पर झुक जाता है और दो माचिस की तीलियों से बीड़ी जलाता है।




## फिल्म जरा हटके जरा बचके की कमाई में उछाल, जोगीरा... का बुरा हाल

विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म जरा हटके जरा बचके का इंतजार दर्शक बड़ी बेसब्री से कर रहे थे, जो 2 जून को आखिरकार खत्म हो गया। फिल्म सिनेमाघरों में आ गई। हालांकि, फिल्म को समीक्षकों से कुछ खास प्रतिक्रिया नहीं मिली, लेकिन इस फिल्म ने पहले दिन उम्मीद से ज्यादा कमाई की। दूसरे दिन भी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई दर्ज की। आइए जानते हैं इस हफ्ते किस फिल्म का कैसा हाल रहा।

जरा हटके जरा बचके पहले दिन सिनेमाघरों में 5.49 करोड़ रुपये कमाने में कामयाब रही। हालांकि, इसके सामने द केरल स्टोरी और फास्ट एक्स जैसी फिल्में पहले से मौजूद थीं, फिर भी इसने लोगों के दिलों में जगह बना ली।



रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने दूसरे दिन 7.25 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके साथ ही इसकी कुल कमाई 12.74 करोड़ रुपये के पास पहुंच गई है। आंकड़ों पर नजर डालें तो ये विक्की-सारा दोनों के लिए अच्छे हैं।

फिल्म जोगीरा सारा रा रा को लेकर जितनी उम्मीदें थीं, फिल्म उतना कमाल दिखा नहीं पाई। फिल्म से दर्शकों की उम्मीदें इसलिए भी थीं क्योंकि नवाजुद्दीन सिद्दीकी इसके हीरो हैं, लेकिन पहले ही दिन इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर डिब्बा गोल हो गया। फिल्म को रिलीज हुए 9 दिन बीत चुके हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, 9वें दिन इस फिल्म ने 8 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। यह अब तक महज 2.5 करोड़ रुपये जुटा पाई है।

# खेल

## धनुष श्रीकांत ने ISSF जूनियर वर्ल्ड कप में जीता गोल्ड

### टूर्नामेंट में भारत को तीसरा स्वर्ण दिलाया, टीम इंडिया मेडल टैली के टॉप पर

**भारतीय निशानेबाज धनुष श्रीकांत ने ISSF जूनियर वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल जीता है। उन्हें यह सफलता सोमवार को पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में मिली है। श्रीकांत ने भारत को तीसरा गोल्ड दिलाया है।**



श्रीकांत के इस गोल्ड के बाद मेडल टैली में भारत के कुल 9 मेडल हो गए हैं। भारतीय टीम के हिस्से में 3 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारतीय टीम टेबल में टॉप पर है, जबकि अमेरिका कुल छह पदक के साथ दूसरे नंबर पर है। जर्मनी के सुहल में चल रहे जूनियर शूटिंग वर्ल्ड कप के 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में धनुष श्रीकांत ने 249.4 अंक अर्जित किए। जबकि सिल्वर मेडलिस्ट स्वीडन के पोंटस कालिन ने 248.1 और ब्रॉन्ज मेडलिस्ट फ्रांस के रोमैन औफ्रेरे ने 227.1 अंक स्कोर किए।

### फाइनल में पहुंचे थे 3 भारतीय निशानेबाज

पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल में तीन भारतीय निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। धनुष क्वालिफिकेशन में 628.4 अंक बनाकर छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे। प्रथम भड़ाना ने 628.7 अंक बनाए और वह क्वालिफिकेशन में धनुष से आगे पांचवें स्थान पर रहे।

अभिनव साव ने 626.7 अंक बनाए और वो आठवें नंबर पर रहकर फाइनल में पहुंचे। अभिनव फाइनल में सातवें स्थान पर रहकर बाहर हो गए जबकि प्रथम चौथे स्थान पर रहे। धनुष ने फाइनल में शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया तथा लगातार बढ़त बनाए रखी और अपने किसी भी प्रतिद्वंदी को मौका नहीं दिया।

### स्कीट मिश्रित टीम इवेंट में आया ब्रॉन्ज

*भारत ने स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में भी ब्रॉन्ज मेडल जीता। हरमेहर लैली और संजना सूद ने शूटऑफ में स्वीडन के डेविड जानसन और फ़ेलिशिया रोस को हराकर भारत को यह पदक दिलाया। सुहल में ISSF जूनियर वर्ल्ड कप 2023 में 46 देशों के 511 जूनियर निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं।*



ISSF जूनियर वर्ल्ड कप 2023
पॉइंट्स टेबल (टॉप-5 टीम)

| देश | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 भारत | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 2 अमेरीका | 3 | 3 | 0 | 6 |
| 3 कोरिया | 3 | 2 | 0 | 5 |
| 4 इटली | 3 | 0 | 2 | 5 |
| 5 स्वीडन | 1 | 1 | 0 | 2 |

### एक नजर

## फ्रेंच ओपन : खचानोव ने रखा अंतिम-आठ में कदम

**पेरिस ।** रूस के कारेन खचानोव ने फ्रेंच ओपन में अपना विजय रथ आगे बढ़ाते हुए प्री-चार्टरफाइनल में इटली के लोरेंज़ो सोनेगो को मात दी। कोर्ट सूज़न-लेंगलेन पर खेले गये मुकाबले में 11वीं सीड खचानोव ने सोनेगो को 1-6, 6-4, 7-6 (9-7), 6-1 से हराकर चार्टरफाइनल में कदम रखा।

खचानोव ने इससे पहले अमेरिकी ओपन 2022 और ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2023 के चार्टरफाइनल में भी जगह बनायी थी। इस बार शीर्ष-आठ मुकाबले में खचानोव का सामना 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच या पेरू के हुआन पाबलो वारिलास से होगा। खचानोव ने जीत के बाद कहा, दूसरा सेट आधा समाप्त होने के बाद मैं सोच रहा था कि मैं यहां क्या कर रहा हूं। वह गेंद को कोर्ट के चारों ओर मार रहा था, लेकिन मैंने संघर्ष करने का फैसला किया।

सोनेगो ने मुकाबले की मज़बूत शुरुआत करते हुए पहला सेट जीता, जबकि खचानोव को भी लय हासिल करने में समय लगाया। खचानोव ने दूसरे सेट में बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। तीसरे सेट में सोनेगो ने 4-0 की बढ़त बना ली, लेकिन लय बरकरार न रख पाने के कारण वह 5-6 से पिछड़ गये।

खचानोव ने इसका फायदा उठाते हुए टाइब्रेकर में यह सेट जीत लिया। सोनेगो इससे उभर नहीं सके और चौथे सेट में सिर्फ एक गेम जीतने के कारण हारकर रोलां गैरो से बाहर हो गये।

इसी बीच, एनेस्तेसिया पावल्युचेंकोवा ने चौथे दौर में बेल्जियम की एलिसे मर्टेन्स को 3-6, 7-6 (7-3), 6-3 से मात दी। रूसी खिलाड़ी अब दूसरे रोलां गैरो सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये कैरोलीना मुकोवा या एलिना अवनेस्यान का मुकाबला करेंगी।

## जूनियर एशिया कप हॉकी में भारतीय लड़कियों की दूसरी जीत

### मलेशिया को 2-1 से हराया, ग्रुप में टॉप पर

भारतीय हॉकी टीम ने जूनियर एशिया कप (गर्ल्स) में सोमवार को लीग के दूसरे मुकाबले में मलेशिया को हराया। इसके साथ ही भारत अपने ग्रुप में टॉप पर है। इससे पहले शनिवार को खेले गए पहले मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 22-0 के बड़े अंतर से हराया था। जापान के काकामीगहारा शहर में चल रहे इस टूर्नामेंट में भारतीय लड़कियों ने पहले हाफ में 2-1 की बढ़त बना ली थी, जिसे मैच खत्म होने तक बरकरार रखा। भारत के लिए मुमताज और दीपिका ने एक-एक गोल किए, जबकि मलेशिया की ओर से डियान नाजेरी ने एक गोल किया। इस जीत रे साथ भारत ने अपने पूल पर टॉप पोजिशन हासिल कर ली है। मैच



के छठे मिनट में ही मलेशिया की ओर से डियान नाजेरी ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। उसके बाद भारत की मुमताज ने 10 वें मिनट में टीम को वापसी करते हुए पहला गोल किया। इसके बाद मैच के 26वें मिनट में दीपिका ने गोल कर टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। तीसरे और चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों को मौका मिला, पर कोई भी इसे गोल में तब्दील नहीं कर सकी।

### 10 टीमें ले रही हैं भाग

11 जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट 10 टीमें भाग ले रही हैं। भारतीय टीम के साथ ही चार अन्य टीमों को उनकी वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर अंडर -21 हॉकी टूर्नामेंट में सीधा प्रवेश मिला है, जिनमें चीन, कोरिया, जापान और मलेशिया की टीमें शामिल हैं।

## कोको गॉफ-रूड फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में

### 55 साल की बिटरिज हदाद माइया ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वालीं पहली ब्राजीली महिला

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन में अमेरिका की टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। वहीं मेंस सिंगल्स में नॉर्वे के कैस्पर रूड तीसरी बार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। इनके अलावा विमेंस सिंगल्स में टूर्नामेंट में 14वीं सीड प्राप्त बिटरिज हदाद माइया 55 साल की उम्र में किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वालीं पहली ब्राजीली महिला हो गई हैं।

### गॉफ चोट के बाद भी मुकाबले को जीता

अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ पहले सेट में चोटिल होने के बावजूद मुकाबले में बनी रहीं और अंत में इसे जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गॉफ को पहले सेट के दौरान घुटने में चोट



लग गई थी। इस सेट में वह 5-2 से आगे चल रही थीं। अन्ना करोलिना शमीडलोवा ने वापसी करते हुए स्कोर को 5-5 कर दिया। इसके बाद वह फिसल कर गिर गईं। जिससे उनका दायां घुटना छिल गया। कुछ देर मैच मेडिकल टाइम के लिए रुका रहा। उन्होंने पट्?टी बांध कर मैच में वापसी की और पहले सेट को 7-5 से जीत लिया। वहीं दूसरा सेट ने आसानी से 6-2 से जीतकर तीसरी बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल हुईं। वहीं क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला इगा स्वियातेक से होगा। वहीं 14वीं सीड बिटरिज हदाद माइया 55 साल की उम्र में किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वालीं पहली ब्राजीली महिला हो गई हैं। माइया ने सारा सोरिबेस टोरमो 6-7, 6-3, 7-5 से हराया। उनका मुकाबला तीन घंटे 51 मिनट चला।

## रिकॉर्ड 17वीं बार रोलां गैरो के क्वार्टरफाइनल में नडाल

**पेरिस ।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने 23वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर कदम बढ़ाते हुए फ्रेंच ओपन के चार्टरफाइनल में जगह बना ली।



कोर्ट फिलिप चैट्रियर पर खेले गये मुकाबले में जोकोविच ने पेरू के हुआन पाबलो वारिलास को 6-3, 6-2, 6-2 से मात दी। जोकोविच मात्र एक घंटे 57 मिनट चले मैच में अपने प्रतिद्वंद्वी पर पूरी तरह हावी रहे और कोर्ट के दोनों हिस्सों में बराबर प्रहार किया। उन्होंने इस दौरान 35 विनर शॉट खेलते हुए हुआन को सीधे सेटों में मात दी। जोकोविच ने जीत के बाद कहा, कोर्ट पर, दर्शकों से और खुद से भी काफी ऊर्जा मिली। मैंने इसका आनंद लिया। यह टूर्नामेंट में अब तक का मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। उन्होंने अपनी फॉर्म पर कहा, यह (फॉर्म) बिल्कुल सही समय पर लौटी है, क्योंकि मैं दूसरे सप्ताह में आ रहा हूं और जाहिर तौर पर एक और चार्टरफाइनल खेल रहा हूं। मैच कठिन होने वाले हैं।

# नवीन महिला कालेज जेएलएन कालेज में नहीं अन्य जगह पर खोले जाने छात्रों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

**छात्रों के समर्थन मे सक्ती शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष राजा धर्मेन्द्र सिंह पहुंचे कलेक्टर कार्यालय राजा धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि जेएलएन कालेज सक्ती को शासन से शत् प्रतिशत अनुदान प्राप्त है।**




सन् 1964 से प्रारंभ हुआ यह महाविद्यालय सक्ती शिक्षण समिति द्वारा 1968 से संचालित है। यह महाविद्यालय तीन पालियों में लगता है जहां 900 छात्र एवं छात्राएं अध्ययनरत है, एवं लगभग 2000 परीक्षार्थी प्रतिवर्ष स्वाध्यायी परीक्षार्थी के रुप में सम्मिलित होते है। विगत कुछ दिनों से समाचार पत्रों के माध्यम से खबरे आ रही है कि कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है कि प्रस्तावित नवीन कन्या महाविद्यालय को सुबह पाली में जेएलएन डिग्री कालेज सक्ती में संचालित किया जाय। इस संबंध में हम यह कहना चाहेगे कि सुबह पाली में महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की कक्षाएं दूसरी पाली मे स्नातकोत्तर एवं तीसरी पाली मे कला एवं वाणिज्य की कक्षाएं लगती है, यह महाविद्यालय जिले का सबसे पुराना महाविद्यालय है तथा आस-पास के ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी यहां उच्च शिक्षा प्राप्त करते है। चूकि महाविद्यालय तीन पालियों में संचालित है एवं स्थान का अभाव ऐसी परिस्थितियों में नवीन कन्या महाविद्यालय किसी भी पाली में संचालित नहीं हो सकता। हमारा यह सुझाव है कि प्रस्तावित शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सक्ती में संचालित किया जायए यह स्थान कन्या महाविद्यालय के लिए उपयुक्त स्थान होगा एवं छात्राओं की सुरक्षा एवं निजता की दृष्टि मे उपयुक्त होगा। जिले के सबसे पुराने महाविद्यालय जो कि विगत 55 वर्षों से सक्ती के आस-पास में शिक्षा के क्षेत्र मे निरंतर अपना योगदान दे रहा है, छात्रहित को ध्यान में रखते

हुए यहां प्रस्तावित कन्या महाविद्यालय संचालित न किया जाय साथ ही महाविद्यालय के सभी कक्षाओं के छात्र छात्राएं भी भारी संख्या में उपस्थित रहे साथ ही छात्रों के पालक भी आस पास गांवों से पहुंचे थे तथा जनपद सदस्यगण सरपंचगण एन एस यू आई एंव युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता भी भारी संख्या में उपस्थित रहे सभी ने एक स्वर में जे एल एन महाविद्यालय के पक्ष में कहा कि जे एल एन कालेज को पूर्ववत् संचालित होने दिया जाय एवं शासकीय महिला कालेज अन्य स्थान पर खोलने की बात कही। सुबह पाली मे अध्ययनरत पुरुष छात्रों ने कहा कि अगर महिला कालेज खुल जायेगा तो हम कहा पढ़ेगे हमारे पढ़ाई का क्या होगा वही महिला छात्रों ने कहा कि हमे जे एल एन कालेज में ही पढ़ना है अगर महिला कालेज खुलता है तो वह अन्य जगह पर खुले हमारे कालेज में नहीं।

## एक नजर

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महादेवड़ाड के प्राचार्य को कुरडेग में अस्थायी रूप से कार्य करने किया आदेशित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बगीचा विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महादेवड़ाड के प्राचार्य सुषमा आशा मनिला खलखो को प्राप्त शिकायत की जांच प्रभावित न हो इस हेतु शासकीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरडेग के प्राचार्य हेतु अस्थायी रूप से कार्य करने आदेशित किया है।

उल्लेखनीय है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महादेवड़ाड के छात्र-छात्राओं एवं पालकों द्वारा प्रस्तुत शिकायत पत्र के आधार पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महादेवड़ाड के प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं से अच्छा व्यवहार नहीं करने अधिक परीक्षा फीस लेने स्कूल में गाली-गलौज करने की गंभीर आरोप है।

### प्री. मेडिकल एवं प्री. इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु आवेदन पत्र 21 जून तक आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

प्री.इंजीनियरिंग एवं प्री मेडिकल कोचिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के आवेदन आमंत्रित किया जाता है। छग राज्य के जिस जिले की कोचिंग संस्था का चयन होगा, उसी जिले में कोचिंग कार्य सम्पन्न कराया जाएगा। प्री इंजीनियरिंग एवं प्री मेडिकल कोचिंग की तैयारी हेतु राज्य में अनुसूचित जनजाति के 64 तथा अनुसूचित जाति के 36 कुल 100 सीट स्वीकृत है। छग राज्य के अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति जाति वर्ग के वे अभ्यर्थी जो कक्षा 12वीं में कम से कम 70 प्रतिशत अंक या समतुल्य ग्रेड गणित एवं जीव विज्ञान विषय में प्राप्त किया हो, एवं जिनके पालक की वार्षिक आय 2.50 लाख तक हो आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। विद्यार्थियों को कोचिंग, आवास, भोजन, चिकित्सा, पुस्तक प्रवेश शुल्क निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। कोचिंग की अवधि 1 वर्ष की होगी। प्राप्त आवेदन पत्र के परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों से वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे, प्रश्न पत्र अधिकतम 2 घंटे का होगा, जिसमें कुल 120 प्रश्न पूछे जाएंगे। निर्धारित प्रारूप में आवेदन मय जाति निवास प्रमाण-पत्र के 21 जून 2023 तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जशपुर में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए विभाग के वेबसाईट पर अवलोकन कर सकते हैं। अथवा कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जशपुर के सूचना पटल पर भी अवलोकन किया जा सकता है।

### जंगली हाथी के द्वारा फसल क्षति की 137 हितग्राहियों को मिला मुआवजा राशि

**समय अवधि में संबंधित व्यक्ति यों के बैंक खाते में किया गया पैसे हस्तांतरण**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जंगली हाथी द्वारा फसल क्षति की मुआवजा राशि प्रदाय संबंधी आवेदन कलेक्ट्रेट में घुरियाअंबा के आवेदक के द्वारा किया गया था। संज्ञान में आते ही कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए डीएफओ को आवश्यक कार्यवाही कर समयावधि में निराकरण करने निर्देशित किया था। डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय ने वन परिक्षेत्र दुलदुला अन्तर्गत ग्राम घुरियाअंबा में जंगली हाथी से फसल नुकसान का मुआवजा राजस्व परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अनुसार कुल 137 व्यक्तियों का फसल नुकसानी के प्रकरण का निराकरण कर 7 लाख 4 हजार 903 रुपये का भुगतान सम्बन्धित व्यक्तियों के बैंक खाते में हस्तांतरण किया गया।

### जिले में 1 जून से अब 3.6 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 3.6 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 6 जून तक औसत वर्षा 12.1 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 0.8 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक मनोरा तहसील में 1.1 मिमीए बगीचा में 3.7 मिमी एवं सन्ना में 2.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा बगीचा तहसील में दर्ज की गई है।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 12 जून को

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जशपुर द्वारा 12 जून 2023 को 4 पदों हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में अविनाश इन्टरप्राईजेस प्राइवेट लिमिटेड गम्हरिया जशपुर छग द्वारा 4 पदों पर भर्ती हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। जिसके अंतर्गत सिक्योरिटी गार्डए पिकर एंड पैकर डिलीवरी एक्जीक्यूटिव, हेल्थ केयर असेंबली ऑपरेटर मिलिंग मशीन ऑपरेटर, सिलाई के पद शामिल हैं। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि 12 जून 2023 को सुबह 9 बजे समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ अविनाश इन्टरप्राईजेस प्राईवेट लिमिटेड संगम चौक दरबारी टोली में उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते हैं।

## प्रभात पन्ना को मछली पालन से आमदनी का अच्छा जरिया मिला

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जिले के किसानों, स्व सहायता समूहों और दूरस्थ अंचल के लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और रोजगार के अवसर देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मछली पालन विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण तालाब जलक्षेत्र में पट्टा और महाजाल प्रदाय किया जा रहा है।



इसी कड़ी में कांसाबेल विकासखण्ड के ग्राम.चोंगरीबहार निवासी प्रभात पन्ना द्वारा मत्स्य विभाग तहत् संचालित नीलक्रांति योजना का लाभ लेकर मत्स्य पालन किया जा रहा है। प्रभात पन्ना को मछली पालन से आमदनी का अच्छा जरिया मिला है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2018-19 में नीली क्रांति योजना से प्रभात पन्ना स्वयं की भूमि में 0.700 हेक्टर पर तालाब निर्माण कर मत्स्य पालन कर रहे हैं। वर्ष 2021-22 में तालाब से 10 क्विंटल मछली विक्रय कर चुके हैं जिससे उन्हें 1 लाख 50 हजार का शुध्द लाभ प्राप्त हुआ है। उनके द्वारा 3 वर्ष से मछली पालन का कार्य कर रहे हैं। अब प्रभात पन्ना अच्छी आमदनी पाकर परिवार के साथ सुख सुविधा के साथ जीवन यापन कर रहें है। इसके लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

## जिले के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधिकारियों का एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशानुसार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले मे लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों का एक दिवसीय कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारत के विख्यात युवा न्यूरोसर्जन एमसीएच डॉ कुणाल किशोर एशियन जलन हॉस्पिटल धनबाद द्वारा न्यूरो मनोरोग विकार उदा मिर्गी, अटेंशन डेफि सिट हाइपर, क्टिविटी डिसऑर्डर, संज्ञानात्मक डेफिसिट डिसऑर्डर, पक्षाघात, अनियंत्रित क्रोध, माइग्रेन, व्यसन संबंधी विकार, इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक व्याख्यान व्यावहारिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए दिया गया। साथ ही युवा मनोरोग विशेषज्ञ एमडी मनोचिकित्सा डॉ दिव्यदीप संधू एमरी चिकित्सालय, मुकुंदपुर, कोलकाता द्वारा विभिन्न मानसिक रोगों के औषधीय उपचार, मनोरोग इमरजेंसी के स्थिति उत्पन्न होने पर आवश्यक औषधीय उपचार पर आधुनिक शोध पत्रों के आधार जानकारी दी गई। जिले के मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ डीके अग्रवाल द्वारा डीएसएम-5 टीआर 2022 के मानदंडों के अनुसार विभिन्न मानसिक रोगों के रोगसूचक निदान विषय पर व्यावहारिक पहलुओं के दृष्टिकोण के आधार पर जानकारी प्रस्तुत किया गया। जिला चिकित्सालय, जशपुर के पीएचडी पोस्ट डॉक्टरल फेलो, मनोविज्ञान डॉ खान अबरार उज्जमा खां द्वारा मानसिक रोग के विभिन्न जैविक, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक-सांस्कृतिक कारक एवं मानसिक स्वास्थ्य परीक्षणों के बारे आधुनिक शोध पत्रों के परिणामों एवं व्यावहारिक पहलुओं के दृष्टिकोण के आधार पर बताया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान पश्चात चिकित्सा अधिकारियों के मध्य पोस्ट टेस्ट बहुविकल्पीय प्रश्नों के माध्यम से लिया गया, पोस्ट टेस्ट में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लुडेग मे कार्यरत डॉ भोले भूषण पैंकरा ने प्रथम स्थान, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे कार्यरत बीएमओ डॉ रोशन बेरियर ने द्वितीय स्थान, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आरा मे कार्यरत डॉ बबीता मिंज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रंजीत टोप्पो ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए, सभी प्रतिभागियों को जिले मे आमजन तक मानसिक रोग के उपचार को सरल एवं सुलभ बनाने मे अपनी योगदान सुनिश्चित हेतु निर्देशित किया।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर किसान नेता ने रोपे पौधे, कहा विपरीत परिस्थितियों ने प्रकृति का महत्व समझाया

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतर।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने गृह ग्राम नेवनारा में पौधारोपण किया। इस दौरान किसान नेता ने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर पेड़ पौधों के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी की मुश्किल परिस्थितियों ने हमें प्रकृति का मोल समझा दिया। पेड़ पौधों से निशुल्क मिलने वाली हवा भी महामारी से जूझ रहे मरीजों को खरीदनी पड़ी। ऐसे में हम सभी ने हरियाली को महत्व समझा है, पर यही आंकर थम जाने की बजाय हम सब को इसे संरक्षित करने का दायित्व निभाने की जरूरत है। इसलिए प्रत्येक ग्रामीण व नागरिकों से आग्रह है कि हर साल कम से कम जितना हो सके पौधा अवश्य लगाएं और विकसित होकर उसके पेड़ बनने देखभाल व सुरक्षा का संकल्प निभाएं। उन्होंने कहा कि हमे अपने आसपास के वृक्षो को कटने से बचाने के साथ साथ अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए लोगों को जागरूक करना चाहिए। पर्यावरण के संतुलन के लिए आने वाले बारिश सीजन में हमे अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने की जरूरत है। इस दौरान संतोष साहूए संजय यादवए हरि चौहान, सरजू निषाद, गोलू निषाद, पुनीत निषाद, निलेश भास्कर, संतोष निर्मलकर, कुमारी निर्मलकर, कुशुम सिद्धार्थ, त्रिवेणी साहू, कुमारी केवट, पुनिया यादव, कौशिल्या भास्कर, सुरजा केवट, उमा केवट आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर लगाम कसने के लिए चलाया अभियान

**388 वाहन चालकों के विरूद्ध हुई एमव्ही एक्ट की कार्यवाही**

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कल्याण एलिसेला के निर्देश पर जिले के थाना, चौकी की पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफअभियान चलाया और बीते 5 दिनों में 7000 लोगों का चेक किया। इस दौरान पुलिस ने छोटे-बड़े भारी सभी वाहनों को रोकवाकर वाहन चालक शराब का सेवन किए है या नहीं उसकी जांच किया, चेकिंग के दौरान कोई भी वाहन चालक शराब के नशे में नहीं पाया गया। सड़क हादसों को रोकने की दिशा में पुलिस अधिकारियों द्वारा किए गए इस चेकिंग अभियान में 388 वाहन चालक जो बिना हेलमेट, बिना लायसेंस, बिना सीटबेल्ड, दो पहिया वाहन में तीन सवारी व बिना दस्तावेज एवं यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 126100 रूपये का समन शूल्क अर्जित कर शासन के कोष में जमा किया है। इस दौरान पुलिस के अधिकारियों ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश भी दिया।

## 17 साल की बालिका का हो रहा था विवाह, बारातियों की जगह मंडप में पहुंच गई पुलिस

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिला कार्यक्रम चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में जिले में बाल विवाह पर सतत् निगरानी की जा रही है। प्रतिदिन महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी परियोजना अधिकारी बाल विवाह हेतु सक्रिय रुप से होने वाले विवाह पर अपनी नजर बनाये हुए हैं। ग्रामीण भी बाल विवाह रोकवाने हेतु सक्रिय है। जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग, चाईल्ड लाईन, पुलिस विभाग का संयुक्त टीम बाल विवाह की सूचना पर तत्काल मौंके पर पहुंच कर बाल विवाह रोकवा रही है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल द्वारा बताया गया कि वर्तमान में दो बाल विवाह रोकवाया गया है। जिसमें से 1 बाल विवाह उनके परिजनों द्वारा किया जा रहा था। जिसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा जिला बाल संरक्षण अधिकारी को दी गई, जानकारी प्राप्त होते ही उसका उम्र सत्यापन कराया गया कम उम्र पाये जाने पर मौंके पर जाकर परिजनों को समझाईस दिया गया कि उम्र होने पर विवाह किया जाये। उसके पूर्व विवाह करने पर अधिनियम अन्तर्गत धाराओं में कार्यवाही की जायेगी सभी मान गये और मण्डप को उखाड़ दिया और विवाह नहीं करने का पंचनामा एवं कथन तैयार किया गया। दूसरा विवाह की जानकारी ग्राम कल्याणपुर विकास खण्ड प्रतापपुर से प्राप्त हुई की जानकारी के अनुसार बालिका का अंक सूची देखने पर पता चला कि बालिका मात्र 17 वर्ष की है और उसके घर वाले उसका विवाह कर रहे हैं। मण्डप के दिन जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल के नेतृत्व में विवाह को समझाईस देकर रोका गया। परिजन उम्र हो जाने पर विवाह करने को राजी हो गये। बाल विवाह रोकने वाले में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, चाईल्ड लाईन के समन्वयक कार्तिक मजूमदार, टीम मेम्बर रमेश साहू एवं शीतल सिंह व पुलिस थाना रामानुजनगर के स्टाप एवं सेक्टर सुपरवाईजर उपस्थित थे।

## भाजपा कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री हुए शामिल

**आगामी कार्यक्रमों के रणनीति पर हुई चर्चा**

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने भारतीय जनता पार्टी जिला सूरजपुर के तीनों विधानसभा क्षेत्रों की कोर कमेटियों की बैठक लेकर आगामी कार्यक्रमों के रणनीति पर चर्चा की। भाजपा जिला सूरजपुर द्वारा स्थानीय विश्राम भवन मे प्रेमनगर, भटगांव व प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक मे प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, रजनी त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े, राजा पांडेय भीमसेन अग्रवाल, अजय गोयल, रामकृपाल साहू की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में मोदी सरकार के शानदार 9 वर्ष पूरे होने पर विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत लोकसभा क्षेत्र व विधानसभा क्षेत्र स्तरीय कार्यक्रम तय किए गए। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन महामंत्री पवन साय ने जिले में पार्टी कार्यक्रमों के माध्यम से जन जन तक पहुंचने पदाधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियां व योजनाएं लोगों के जीवन मे बदलाव लाने वाली हैं ऐसे हम सब मिलकर अभियान चलाकर लोगों के बीच जाएं। उन्होंने महा जनसंपर्क अभियान की तैयारियों व चलबों गोठान खोलबों पोल कार्यक्रम की भी समीक्षा की। इस अवसर पर अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लोकसभा प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही पहुंचे पत्थलगांव

## 2 को होगा लोकसभा सम्मेलन केंद्र व प्रदेश के नेता करेंगे शिरकत

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

भारतीय जनता पार्टी का विशेष जनसंपर्क अभियान 30 मई से 30 जून तक 1 महीने का चल रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 26 मई को 9 साल का कार्यकाल पूरा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं केंद्रीय नेतृत्व ने यह निर्णय लिया कि उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएंगे और समाज वर्ग के सभी क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ग के साथ सामाजिक गतिविधियों में शिरकत करें। इस दृष्टि से भाजपा ने महीने भर का कार्यक्रम बनाया हैं। उसके तहत कार्यक्रम को लोकसभा स्तरीय, विधानसभा स्तरीय एवं बूथ स्तरीय तीन स्तर पर बांटा गया है। लोकसभा कार्यक्रम में राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय नेता और प्रदेश के नेता शिरकत करेंगे। वही बूथ स्तरीय कार्यक्रम को जिला एवं मंडल के पदाधिकारी संपन्न कराएंगे। लोकसभा स्तरीय कार्यक्रम में संपर्क से समर्थन समाज क्षेत्र के ऐसे प्रभारी व्यक्ति जो समाज में अपना प्रभाव रखते हैं। चाहे वह राष्ट्रीय स्तर या अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हो या अन्य आयामों में गतिविधि रही हो। ऐसे लोगों के पास समर्थन लेने के लिए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेता जाएंगे। इसी के तहत केंद्रीय मंत्री जो मोदी सरकार में राज्य मंत्री हैं। रायगढ़ में अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही आशी जैन जो अमेरिका आस्ट्रेलिया जैसे देशों मैं पहुंचकर पहाड़ों पर चढ़ाई की है उनसे जाकर मिलेंगे। इसी क्रम में सेना में रहे वीर सपूत शहीद विप्लव त्रिपाठी के परिजनों से मुलाकात



करेंगे। इस प्रकार लोकसभा में 1000 नामों का चयन किया गया है। हमारे विभिन्न नेतागण जाकर उनसे संपर्क करेंगे। उक्त बातें हैं पत्थलगांव के रेस्ट हाउस में रायगढ़ लोकसभा प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। वे आगामी 12 जून को शहर में होने वाले लोकसभा कार्यक्रम की रूपरेखा का जायजा लेने पत्थलगांव पहुंचे थे। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री अंकित बंसल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने आगे कहा कि पत्थलगांव में आगामी 12 जून को आयोजित होने वाले विशाल आमसभा को लेकर सोमवार को शहर के हरियाणा पंचायती धर्मशाला में जिला भर के नेताओं के बीच कोर कमेटी की बैठक आहूत हुई। क्योंकि पत्थलगांव लोकसभा का सेंटर है इसलिए सारंगढ़ से जशपुर तक 8 विधानसभा के लोग इस सभा में शामिल होंगे। समाज के वकील डॉक्टर इंजीनियर रिटायर्ड लेक्चरल जशपुर में 16 जून को नितिन नवीन सभा को सम्बोधित करेंगे। 15 जून को रायगढ़ में लोकसभा स्तर के सभी व्यापारियों का सम्मेलन भी होना है जिसमें जशपुर रायगढ़ और सारंगढ़ तीनों जिले के व्यापारी शामिल होंगे। इसी क्रम में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन सभी विधानसभा में आयोजित होना है जिसे राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेता संबोधित करेंगे। 20 जून से 30 जून तक घर-घर संपर्क अभियान है जिसके तहत प्रत्येक घरों में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता पहुंचेंगे। शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर टोली तैयार की गई है। इस विशाल अभियान में भारतीय जनता पार्टी के हजारों कार्यकर्ता पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में लोकसभा विधानसभा और मंडल स्तर, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर एक बड़ा योग सभा सम्मेलन का कार्यक्रम पार्टी आयोजित करेगी। 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 10 लाख लोगों तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। प्रत्येक भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष को लिंक भेजा जाएगा और बूथ अध्यक्ष प्रधानमंत्री से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करेंगे। इस भरी गर्मी में भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की सोच है कि समर्थन बढ़े। इसके तहत कार्यकर्ता जो तपस्या कर करे हैं वे हर घरों तक जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार और लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीत सुनिश्चित करने कार्य में लगे हुए हैं।

### एक नजर

# संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में शामिल होंगे नितिन नवीन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर में 7 जून को हो रहे संयुक्त मोर्चा सम्मेलन के आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश सहप्रभारी नितिन नवीन इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए आ रहे हैं यहां भाजपा संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में वृहद सम्मेलन का आयोजन किया गया है जहां उनका आगमन दोपहर 3.30 बजे होगा इस सम्मेलन में नितिन नवीन शामिल होकर इस सम्मेलन को संबोधित करेंगे इस कार्यक्रम का समय 3.30 से 5 तक रखा गया है जहां भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल।

# लीनेस क्लब सक्ती ने किया पौधारोपण एवं बाटे कपड़े के थैले

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स सक्ती के सदस्यो ने 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर गमलो में बीज डाले एवं रिमूव पोलीथीन सिंगल यूस पालीथीन को रोकने कपड़े के थैले का वितरण किया इस अवसर पर लीनेस शालू पाहवा ने कहा कि पर्यावरण से ही हमारे जीवन की सभी मूलभूत आवश्यकताएं पूर्ण होती है। इसलिये पर्यावरण की संरक्षण की जिम्मेदारी भी हमारी है अध्यक्ष लीनेस विजया जायसवाल ने सभी से संकल्प लिया कि बारिस होने पर सभी अपने-अपने घरो में या आसपास जहां सुरक्षित जगह हो देखभाल कर सके ऐसे स्थान में पौधा रोपण करे इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट सह सचिव अनीता सिहं,शोभा सिंह,गोपी जायसवाल,जमुना जायसवाल,मीरा देवागंन,विनीता जायसवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# फेडरेशन ने जिला कोषालय अधिकारी का किया अभिनंदन-भारद्वाज



जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला इकाई सक्ति के तत्वाधान में 6 जून 2023 को स्थान एसडीएम कार्यालय सक्ति परिसर में नव पदस्थ जिला कोषालय अधिकारी दशरथ प्रसाद सोनी का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन ने जिले के कर्मचारी अधिकारियों के हित में ट्रेजरी कार्यालय की भूमिका का बेहतर दायित्व निर्वहन करने का चर्चा किया इस पर जिला कोषालय अधिकारी सोनी ने फेडरेशन को बेहतर कार्यप्रणाली का निर्वहन करने का आश्वासन दिया इस अवसर पर फेडरेशन के जिला संयोजक राधे लाल भारद्वाज, संरक्षक रमेश तिवारी,विजय बहादुर सिंह,खगेश कुमार पटेल, डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष वाईआरएस मंडलेकर एपीएचई के जिलाध्यक्ष श्याम कुमार सोनी, स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ कर्मचारी नेता रामगोपाल थवाईत, विकास खंड शिक्षा अधिकारी कामता प्रसाद राठौर,यूके चंद्रा,जीपी राठौर,रवि बघेली,सदानंद पटेल, अंकित शर्मा पुष्पेंद्र यादव, व्याख्याता संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल,ट्रेजरी कार्यालय के कर्मचारी सुख सागर आदि कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।

# छितापुर के सात बहनिया मंदिर प्रांगण में स्थापित मूर्तियों को मंदिर से निकालकर सुखा तालाब में फेकने वाले व्यक्ति कों पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम छितापुर थाना बेमेतरा के सत बहनिया मंदिर प्रांगण में स्थापित मूर्तियों को अज्ञात व्यक्ति द्वारा मंदिर से निकालकर सुखा तालाब में रख दिया गया है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता तत्काल मौके पर पहुंची और थाना प्रभारी को अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए। घटना के संबंध में प्रार्थी अजय निर्मलकर पिता नरेश निर्मलकर उम्र 36 वर्ष निवासी छितापुर थाना बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा सत बहनिया मंदिर परिसर से विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियों को मंदिर परिसर से निकाल कर सामने सुखा तालाब में रख दिया



गया है, जिससे कई मूर्तियां खंडित हो गई हैं, इससे हमारी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित करने से करीबन 35000 का नुकसानी हुआ है, उक्त सूचना पर अपराध क्रमांक 283/23 धारा 295, 427 भादवि के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मौके पर पंचनामा बनाकर 23 नग विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियों को जप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक से निर्देश प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मनोज तिर्की के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम को विवेचना के दौरान ग्रामीणों एवं मुखबिर के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियों को सोनू यादव नाम के व्यक्ति द्वारा मंदिर परिसर से निकालकर सुखा तालाब में रखा गया था, जिससे मूर्तियां खंडित हुई थी। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया और आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लोहे के हथौड़ी को वजह सबूत में जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराया गया है।

# शासकीय कार्यों में उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण तीन पंचायत सचिव निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




बेमेतरा जिले अन्तर्गत विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम पंचायत बाबामोहतरा, चारभाटा एवं मरका ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव बलदाऊ प्रसाद साहू, अजय वर्मा एवं रुखमणी धृतलहरे द्वारा शासकीय कार्य में उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस आशय का आदेश जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी चैनमोनट्टी जारी कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन की फ्लैगशिप गोधन न्याय योजना, निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा आदि हेतु आयोजित बैठक में ग्राम के पंचायतों में महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं जैसे गोबर खरीदी, गौठान निर्माण कार्य में रूचि नहीं लिए जाने, निर्माण कार्यों की अल्प प्रगति परिलक्षित होने, प्रशासनिक कार्यों में अरूचि प्रदर्शित होने एवं पदीय कर्तव्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण निलंबन की कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में तीनों सचिवों का मुख्यालय जनपद पंचायत बेमेतरा निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला न्यायाधीश द्वारा किया गया वृक्षारोपण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा संचालित स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन कलैंडर 2023 माह जून 2023 अनुसार 5 जून अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा न्यायिक अधिकारी आवास परिसर गुनरबोड़ में वृक्षारोपण किया गया। उक्त अवसर पर जिला न्यायाधीश द्वारा उपस्थित सभी नागरिकों एवं अधिकारी, कर्मचारीगण को पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताते हुये अपने आसपास के वातावरण को एवं आज लगाये गये सभी पौधो की सुरक्षा एवं संवर्धन करने प्रोत्साहित किया। उक्त अवसर पर मधु तिवारी विशेष न्यायाधीश पाक्सो मोनिका जायसवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिता कोशिमा रावटे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बेमेतरा एवं न्यायालय अधीक्षक सुरेश चौरे, न्यायालयीन कर्मचारी एवं पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित रहे।

झआवसीय परिसर में वृक्षारोपण के पश्चात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स कु प्राची





तिवारी, देवेंद्र यादव, दुवेंद्र वर्मा, सोनिया सिंह, संजू यादव, चंद्रकिशोर राजपूत, पवन साहू, खेतहा घृतलहरे द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम दाढ़ी उमरिया, नवागढ़ के चौक चौराहों पर उपस्थित लोगों को वर्तमान हो रहे अचानक से मौसम परिवर्तन बारिश में हो रही कमीं और नदी, तालाब आदि जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिये अधिक से अधिक पौधा रोपण करने के लिये उन्हें प्रोत्साहित करते हुये पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। पैरालीगल वालंटियर्स द्वारा उपस्थित लोगों को पर्यावरण के संरक्षण के संबंध में प्रेरित करते हुये बताया कि सुरक्षित और साफ पर्यावरण हमारे बेहतर स्वास्थ्य का अभिन्न अंग है। इसके साथ साथ नालसा द्वारा संचालित पर्यावरण संरक्षण के संबंध में अभियान प्रबंधन के बारे में लोगों को सुखा कचड़ा, गीला कचड़ा को किसी भी प्रकार से अलग कर उसे रिसायकल कर प्रकृति को सुरक्षित व संरक्षित करने प्रेरित किया गया।

# 12 जून को पत्थलगांव में लोकसभा सम्मेलन आयोजित किए जाने को लेकर भाजपा ने बैठक आहूत की

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

केंद्रीय मंत्री फ ग्गन सिंह कुलस्ते का पत्थलगांव में आगमन होना है। वहीं रायगढ़ लोकसभा सम्मेलन पत्थलगांव शहर में आगामी 12जून को आयोजित किया जाना है। उक्त कार्यक्रम में हजारों की संख्या उमड़ने की भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा संभावना जताई जा रही है। जिसे लेकर आज मंगलवार को भाजपा शहर मंडल द्वारा सत्यनारायण मंदिर परिसर में बैठक आहूत की गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा आगामी होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने संगठनात्मक चर्चा की गई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि आने वाले 12 जून को पत्थलगांव शहर में लोकसभा सम्मेलन आयोजित किया जाना है। जिसके तहत आज भाजपा शहर मंडल एवं ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं के



बीच कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने एवं पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे जाने को लेकर बैठक रखी गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को जोश खरोश के साथ कार्य करना है और पत्थलगांव को भाजपामय बनाना है। आगामी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए कार्यकर्ताओं को पुरजोर मेहनत करनी है। इस दौरान कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल, भाजपा मंडल महामंत्री अंकित बंसल, रूपसिंह राठिया, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, उपाध्यक्ष नरेश यादव, मिथलेश लकड़ा, सुनील गर्ग, भाजपा उपाध्यक्ष सागर पैंकरा, युवा मोर्चा महामंत्री रोशन गुप्ता, नवीन यादव, रेवा धीवर, सुरेश साहू, बालश्याम, संपत भारद्वाज, लंबोदर नाग, संजय भगत, भवानी शर्मा, शीला गुप्ता, उर्मिला पटेल, दिग्विजय विश्वास, संजू निकुंज समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आदिवासी महिला सांसद को राम महोत्सव में निमंत्रण नहीं देना आदिवासियों का अपमान-उमेश अग्रवाल

## राम महोत्सव आयोजन में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में प्रोटोकाल का उल्लंघन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

तीन दिनों के राम महोत्सव आयोजन के दौरान क्षेत्र की आदिवासी महिला सांसद गोमती साय को निमंत्रण नहीं भेज जाने पर इसे मुख्यमंत्री की मौजूदगी में प्रोटोकाल का उल्लंघन बताते हुए इसे जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने आदिवासियो के लिए अपमानजनक घटना निरूपित किया। उमेश अग्रवाल ने कहा यह वही कांग्रेस है जो नए संसद भवन के उद्घाटन की मांग आदिवासी महिला राष्ट्रपति के हाथों कराने की मांग को लेकर जिद में अड़ी हुई थी और लोकतंत्र के पावन मंदिर के उद्घाटन का बहिष्कार तक कर दिया। राम सेतु को काल्पनिक बताने सहित राम मंदिर के निर्माण में रोड़े अटकाने के लिए कांग्रेसी वकीलों को कोर्ट में खड़े करने वाली कांग्रेस डूबते हुए जनाधार को देख भरोसे की सरकार होने का दावा करने वाली यह सरकार राम भरोसे हो गई ।

देर से सही राम आराधना की सद्बुद्धि आना भाजपा के लिए बड़ी व गौरव पूर्ण उपलब्धि है। भाजपा कांग्रेस के मध्य राम आराधना का भेद समझाते हुए उमेश अग्रवाल ने कहा आदिवासी महिला सांसद को न्यौता नहीं भेजकर कांग्रेस ने सबके है राम की भावना का खुलकर मजाक उड़ाया है। राम के गरिमामय आयोजन में भी कांग्रेस षड्यंत्र पूर्ण राजनीति से बाज नहीं आ रही। राम से जुड़े आयोजन सदैव गरिमामय



* राष्ट्रपति से नए संसद भवन के उद्घाटन की मांग करने वाली कांग्रेस ने चुनी हुई आदिवासी महिला सांसद को निमंत्रण तक नहीं दिया
* राम आराधना का आयोजन बना आदिवासी महिला के अपमान का गवाह

प्रेरणा दाई होते हैं कांग्रेस ने अंधे बांटे रेवड़ी चिन्ह-चिन्ह के देय की मानसिकता से वीआईपी पास जारी किए एवं न्यौता भेजा। सांसद की लोकप्रियता की वजह से सदैव आदिवासी महिला को अपने निशाने पर रखने वाले स्थानीय विधायक प्रकाश नायक यह नहीं भूले की उनकी जीत के छह महीने बाद ही लोकसभा चुनाव में उनके क्षेत्र की जनता ने उनकी पार्टी की प्रत्याशी की बजाय गोमती साय को भारी बहुमत से विजयी बनाया था। राम महोत्सव के दौरान चुनी हुई आदिवासी महिला सांसद को नहीं बुलाकर कांग्रेस ने साजिश रच कर राम के गरिमामय आयोजन को धूमिल किया है। क्षेत्र के आदिवासी इस अपमान को नही भूलेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बयान दिया कि भाजपा ने 15 सालों ने आदिवासियों का ध्यान नहीं दिया इस पर उमेश अग्रवाल ने कहा एक चुनी हुई महिला आदिवासी सांसद को राम महोत्सव में निमंत्रण नहीं भेजना क्या कांग्रेस द्वारा सम्मान किए जाने की पद्धति है। मुख्यमंत्री के बयान को मुंह में राम बगल में छुरी वाला निरूपित करते हुए उमेश अग्रवाल ने कहा एक ऐसा आयोजन जिसमें मुख्यमंत्री प्रोटोकाल एवं संविधान का उल्लंघन इसलिए करते हैं ताकि आदिवासियों का अपमान किया जा सके। ऐसी मानसिकता के लिए प्रभु राम से सिर्फ सद्बुद्धि दिए जाने की कामना ही की जा सकती है।

# किराना व्यापारी से 25 से 30 लाख रुपए की लूटपाट

## उधारी का पैसा लेकर घर वापस आ रहा था, बाइक सवार तीन लोगों ने वारदात को दिया अंजाम

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

सक्ती नगर के किराना थोक व्यापारी से लूटपाट करने का मामला सामने आया है। किराना व्यापारी पैसा वसूल कर वापस घर लौट रहा था।






उसी बीच रास्ते मे बाइक सवार तीन लोगों ने ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस घटनास्थल के आस पास सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, सक्ती के वार्ड नं 14 निवासी भारत अठवानी किराना थोक व्यापारी है। सोमवार को व्यापारी दुकान के उधारी का पैसा लेने निकला था। पैसा वसूल कर बाइक मे जैजैपुर, मालखरौदा होते हुए वापस अपने घर आ रहा था। उसके साथ उसके दुकान के बगल में रहने वाला एक युवक भी था। वापस आते समय आडिल दर्राभांठा पुल के पास तीन बाइक सवार युवक वहां पर पहुंचे और व्यापारी की आंखें में ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर बैग को छीन कर भाग गए। जिसके बाद किराना व्यापारी ने तुरंत मामले की जानकारी पुलिस को दी। किराना व्यापारी की सूचना पर पुलिस तत्काल एक्शन मे आई। पुलिस ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों मे नाकाबंदी के लिए अलर्ट जारी किया। पुलिस रात भर घटनास्थल के आस पास सीसीटीवी फ ुटेज की तलाश करती रही लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। किराना व्यापारी से लगभग 25 से 30 लाख रुपए की लूट हुई है। पुलिस मामले की जांच मे जुटी हुई है। एडिशनल एसपी गायत्री सिह ने बताया कि सोमवार को किराना व्यापारी से लूटपाट होने की जानकारी मिली है। जिसपर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस घटनास्थल के आस पास सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही थी। मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### सीएमओ ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कुसमी के गौठान में किया वृक्षारोपण

जोहार छत्तीसगढ़ -कुसमी।



नगर पंचायत कुसमी में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन,नगर पंचायत कुसमी के गौठान में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बचाने शपथ लेते हुए मनाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गोवर्धन भगत ने कहा की वृक्ष है तो हम हैं, आने वाली पीढ़ी को अगर हम कुछ दे पाएंगे तो, वह स्वच्छ पर्यावरण है, इसी प्रकार जनपद अध्यक्ष हुमंत सिंह ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण के महत्व को समझाया। वृक्षारोपण अवसर पर नगर पंचायत कुसमी के सीएमओं नारायण साहू ने बताया कि वर्ष 2023 में, विश्व पर्यावरण दिवस की थीम का समाधान खोजने के बारे में है। क्योंकि प्लास्टिक ही वह पदार्थ है जिसे हम कभी नष्ट नहीं कर सकते । न ही इसे जला कर, न ही जमीन में गाड़ कर और न ही यहां वहां फेंक कर नष्ट किया जा सकता है, बल्कि यह जिस स्थिति में भी होता है, पर्यावरण को प्रदूषित करता रहता है, इसलिए हम सभी को चाहिए कि, प्लास्टिक के प्रदूषण से बचने के लिए, प्लास्टिक के उपयोग को कम से कम करें, और हो सके तो बिल्कुल ना करें । आज के विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता, वार्ड क्रमांक 01 के पार्षद क्षेत्रपति, वार्ड क्रमांक 08 के पार्षद वाहिद अली, वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद ललित निकुंज,एवं नगर पंचायत कुसमी के सभी स्वच्छता दीदी तथा कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

### बिजली तार के करंट से लंगूर की मौत

**कोरबा** । शहर के पुरानी बस्ती में एक लंगूर बिजली तार के करंट की चपेट में आ गया। न्यूटल और फेस तार के बीच फंसकर खुद को छुड़ाने की फेर में वह जमीन पर गिर गया। जमीन पर गिरते ही उसकी मौत हो गई। बस्ती वासियों ने इसकी सूचना वन विभाग के वन्य जीव संरक्षण टीम को दी गई। जिनके सहयोग लंगूर की अंत्येष्टि की गई। जैव विविधता से भरे जिले के जंगलों में रहने वाले जीव कई बार भटक कर रिहायशी क्षेत्रों में आ जाते हैं। इस कड़ी में कुछ लंगूर परसो शाम पुरानी बस्ती में पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस्ती में कहीं वन क्षेत्र से पहुंचे कुछ लंगूर छतों में उछल कूद कर रहे थे।

# अधिकारी-कर्मचारियों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**कोरबा** । पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से शासकीय व गैर शासकीय विभागों व संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिशन लाईफकार्यक्रम के अंतर्गत कोरबा कलेक्टोरेट में भी पर्यावरण को बचाने के लिए शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू ने अधिकारी-कर्मचारियों को पर्यावरण को बचाने के लिए अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाने व अपने परिवार, मित्रों व अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों व व्यवहारों के महत्व के विषय में सतत रूप से तैयारी करने की शपथ दिलाई। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल ने सभी शासकीय और गैर-सरकारी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, पब्लिक एवं प्राईवेट सेक्टर के उद्योगों से जुड़े हुए लोगों, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं, स्थानीय संस्थाओं, सामाजिक संगठनों एवं स्वसहायता समूह के सदस्यों पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया गया था।

# शादी का झांसा देकर 10 साल तक दैहिक शोषण, आरोपी युवक जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के रैरुमा चौकी क्षेत्र की है। जहां किरिया निवासी 24 वर्षीय लड़की ने शादी का झांसा देकर पिछले 10 वर्ष से शारीरिक संबंध बनाने वाले गांव के ही युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित लड़की ने बताई है कि फूलचंद राठिया पिता रामसिंह राठिया निवासी ग्राम किरिया ट्रेक्टर चलाने का काम करता था और मैं धान कटाई का काम करने जाती थी। तब 2014 में दोनों में परिचय हुआ, उस समय लड़की की उम्र 14 वर्ष थी तब से फूलचंद बातचीत करता है। उसी समय फूलचंद रात को घर के पास आकर फोन से बुलाया और शादी करने की बात कहते हुए सुनसान जगह ले कर शारीरिक संबंध स्थापित किया। जिसके बाद 1 जून 2023 तक शारीरिक संबंध बनाते रहा। इस बीच लड़की कई बार गर्भवती हो गई जिसे युवक द्वारा दवाई देकर गर्भपात करा दिया जाता था। 5 जून को युवक की दूसरे लड़की से शादी तय होने की जानकारी पीड़ित लड़की को हुई तो वह शादी करने की बात कहने लगी। लेकिन फूलचंद ने अलग जाति की लड़की हो कहकर शादी करने से इंकार कर दिया। जिस पर पीड़ित लड़की ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 366, 376, 376 (2) एन, 4, 6 पास्को एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। वहीं पुलिस द्वारा आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायायिक रिमांड पर आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया।

# जिला पुलिस बल के 5 पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त

## सेवानिवृत्तों को पुलिस कार्यालय में दी गई ससम्मान विदाई

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़ ।



31 मई 2023 को जिला पुलिस बल रायगढ़ में कार्यरत उपनिरीक्षक किरण राम भगत (रक्षित केंद्र रायगढ़), सहायक उपनिरीक्षक प्रकाश नारायण पांडे (थाना चक्रधर नगर), सहायक उपनिरीक्षक माधो लाल पटेल (विशेष शाखा), प्रधान आरक्षक तुसवा राम भगत (ट्रैफिक) अपनी 62 वर्ष अधि वार्षिकी आयु पूर्ण कर पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं । पुलिस कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार सभी सेवानिवृत्त से भेंट कर उनका कुशल क्षेम जाना और उनके पारिवारजनों की जानकारी लेकर उन्हें स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दिया गया । सेवानिवृत्तों के सम्मान कार्यक्रम में आर.आई अमरजीत खुंटे ने बताया कि सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी 35-40 वर्ष सेवा विभाग को दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजय महादेवा द्वारा सेवानिवृत्त को विभाग में दी गई लंबी सेवा के लिए पुलिस परिवार की ओर से कृतज्ञता प्रकट किए और उन्हें पुष्प गुच्छ, शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया गया । सेवानिवृत्तों को उनके साथी पुलिसकर्मियों द्वारा भी पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वस्थ एवं दीर्घायु की शुभकामनाएं दी गई । सेवा सम्मान कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक श्री अमरजीत खुंटे, कार्यालय स्टाफ तथा सेवानिवृत्तों के परिजन भी उपस्थित थे ।

# पूंजीपथरा पुलिस ने तराईमाल से चोरी पिकअप वाहन को सक्ती जिले के डभरा से की बरामद, शातिर वाहन चोर गया जेल

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।

पूंजीपथरा पुलिस द्वारा तराईमाल बीएस प्लांट के बाहर 31 मई को चोरी हुई पिकअप वाहन को सीमावर्ती सक्ती जिला के डभरा के छोटे सीपत गांव में आरोपी निराकार खड़िया उर्फ निखिल उर्फ पे-पे के पास से जप्त कर आरोपी को मय वाहन रायगढ़ लाया गया है ।



आरोपी ने पिकअप वाहन की चोरी कर घर में छुपा कर अंजान बना मजदूरी का काम कर रहा था । पूंजीपथरा पुलिस ने सक्रिय मुखबिर सूचना पर चोरी गई वाहन का पता लगाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है ।

पिकअप वाहन चोरी के संबंध में कल 05 जून को वाहन स्वामी संतोष साहू पिता तिजाऊ राम साहू उम्र 39 वर्ष निवासी खैरपुर रायगढ़ द्वारा थाना पूंजीपथरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि क्रस प्लान्ट तराईमाल में ठेकेदारी का काम करता है । अपने पिकअप वाहन में लेबर लाने ले जाने का काम करता है, दिनांक 31/05/2023 के शाम क्रस प्लान्ट में खडी पिकअप वाहन क्रमांक छ्त्र 13,स- 0430 को कर रखा था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है । थाना पूंजीपथरा में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध वाहन चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेन्द्र एसैया द्वारा रिपोर्टकर्ता से पूछताछ कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज चेक किया गया और माल मुल्जिम की पतासाजी में अपने स्टाफ के साथ जुट गये । तभी टीआई पूंजीपथरा को मुखबिर से ठेकेदार संताष साहू के अधीन काम करने वाले लेबर निराकार खड़िया उर्फ निखिल खड़िया के पास चोरी पिकअप वाहन को चलाते देखे जाने की सूचना मिला । तत्काल थाना पूंजीपथरा से पुलिस टीम संदेही निराकार खड़िया उर्फ निखिल खड़िया के लोकेशन डभरा के छोटे सीपत जाकर आरोपी निराकार खड़िया उर्फ निखिल खड़िया पे-पे पिता भागीरथी खड़िया उम्र 31 साल निवासी लोहारसिंग थाना पुसौर जिला रायगढ़ हाल मुकाम तराईमाल बीएस प्लांट थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ़ को हिरासत में लिया गया । आरोपी वाहन को छिपाकर डभरा में मजदूरी का काम कर रहा था । आरोपी के मेमोरेडंम पर चोरी पिकअप वाहन क्रमांक छ्त्र 13,स- 0430 कीमती 6 लाख रूपये की वाहन बरामद कर आरोपी को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है ।

जांच पतासाजी में पूंजीपथरा पुलिस को आरोपी निराकार खड़िया के अवैधानिक कृत्यों में संलिप्त रहने की जानकारी मिली है । संबंध में वाहन चोरी के माल मुल्जिम पतासाजी में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेन्द्र एसैया, सहायक उप निरीक्षक सेमसोन मिंज, प्रधान आरक्षक गौतम ठाकुर, आरक्षक विक्रम कुजूर, खेमलाल चौहान और विद्या सिदार की विशेष भूमिका रही है ।

# नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में ठेकेदार द्वारा धड़ल्ले से खुलेआम चला रहे लाल मुरुम का उत्खनन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिले के नवागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बहरबोड़ जैसे ग्राम पंचायत के नदी, तालाब, बांधा से लगातार ठेकेदार द्वारा चैनमोन्ट्री व जेसीबी से खनन कर हाईबा से मुरुम निकाला जा रहा है, आपको बता दे की उनका गहराई लगभग 15, से 20 फिट खनन हो चुका है जिनमे कभी भी किसी प्रकार का घटना घट सकती है, लेकिन इनका जानकारी खनिज विभाग बेमेतरा व राजस्व विभाग नवागढ़ के अधिकारी कर्मचारी को अवगत कराने के बाद भी नही कर पा रहे है किसी भी प्रकार का कार्यवाही, जब खनिज विभाग बेमेतरा के अधिकारी कों जानकारी देने पर जांच करूंगा करके आशवासन तो देते जरूर है लेकिन अधिकारी देखने भी नही आते जिसमें खनिज अधिकारियों पर कई प्रकार का सवाल उठ रहे है। और ठेकेदार द्वारा नदी के बीचो बिच कों 20 फ ीट गहरा खनन कर लाल मुरुम धड़ल्ले से निकाला जा रहा है ना तो खनिज विभाग का डर है ना हि प्रसाशन का डर है। नवागढ़ क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में अधिकतर देखने कों मिल रही है जहा अवैध तरीके से मुरुम, कतरी निकाला जा रहा है और बिना ग्राम पंचायत के एनओसी के चैन मौन्टी और जेसीबी से अवैध रूप से खुले आम खुदाई का काम कर अपनी मनमर्जी कार्य कर रहे है। विभाग के सड़क निर्माण करा रहे ठेकेदार की मनमानी साफ साफ नजर आ रही है। इस नदी, तालाब में जेसीबी मशीन लगाकर रात रात भर मुरूम खनन कर मन मर्जी राज चला रहे है जिसमें ग्रामीणों ने आक्रोश है। इस तरह मनमानी कार्य करने से पहले कोई भी हजार बार सोचे अब देखना होगा की आखिर खबर प्रकाशन के बाद कब तक कोई कार्रवाई होती है या नहीं।




# 2 मवेशी तस्कर को घरघोड़ा पुलिस ने भेजा जेल

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशानिर्देश पर एसडीओपी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में अवैध रूप से पशुधन के तस्करी पर लगाम लगाने के निर्देश दिए हैं उच्च अधिकारियों के निर्देश पर घरघोड़ा थाना प्रभारी शरद चंद्रा के नेतृत्व में बड़ी कार्यवाही की गई है। 6 जून को थाना प्रभारी शरद चंद्रा को मुखबीर सूचना पर मिला कि भारी मात्रा में गाय, बैल, बछडा, साड को हाडीपानी सिंकाजोर, ग्राम देवगढ़ तरफ से लेकर जा रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में हमराह स्टाफ एवं गवाह के देवगढ़ तमनार रोड में नाकाबंदी कर रोककर पकड़े। पुछताछ करने पर अपना नाम फुलचंद उरांव पिता चमरा उरांव उम्र 48 वर्ष एवं लोली खडिया पिता कन्दराराम खडिया उम्र 40 वर्ष दोनों निवासी करवारजोर थाना लैलूंगा का होना बताया और अपने पास 78 नग गाय, बैल, बछडा, साड को हांडीपानी सिंकाजोर लेजाना बताया। जिसे नोटिस देकर गाय, बैल, बछडा, साड रखने पैदल परिवहन करने के संबंध में दिया गया जो कोई कागजात नहीं होना लिखित में दिया। उक्त 78 राश गाय, बैल, बछडा, साड कीमती 2 लाख रूपये को जप्त कर किया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा गया।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in